रविवार, 24 अगस्त 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 29 |
| आर्द्रता | 84% |
| सूर्योदयः 5:17 | सूर्यास्तः 18:01 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




सफलता मेहनत और प्रतिबद्धता से तय होती है, परीक्षा के अंकों से नहीं : सीजेआई गवई पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, भाद्रपद शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : याद रखिये बेहतरीन दिनों के लिए बुरे दिनों से लड़ना पड़ता है।

## भारत का अमेरिका को स्पष्ट संदेश

# तेल खरीद-फरोख्त पर कोई दबाव स्वीकार नहीं : जयशंकर

### कोई समस्या हैं तो भारत से परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद न खरीदें

**नयी दिल्ली :** भारत ने शनिवार को अमेरिका के इन आरोपों को जोरदार तरीके से खारिज कर दिया कि नयी दिल्ली रूस से रियायती दरों पर कच्चा तेल खरीदकर और फिर परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों को यूरोप और अन्य स्थानों पर ऊंची कीमतों पर बेचकर मुनाफाखोरी में शामिल है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि नयी दिल्ली की खरीद प्रक्रिया न सिर्फ उसके राष्ट्रीय, बल्कि वैश्विक हित में भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत इस मामले में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेना जारी रखेगा। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका का पिछला प्रशासन नयी



दिल्ली के रूस से कच्चे तेल की खरीद का समर्थन करता था, क्योंकि इससे तेल बाजार में स्थिरता आती है। उन्होंने कहा, यह हास्यास्पद है कि व्यापार-समर्थक अमेरिकी प्रशासन के लोग दूसरों पर व्यापार करने का आरोप लगा रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा, यह वाकई अजीब है। अगर आपको भारत से तेल या परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने में कोई समस्या है, तो उसे न खरीदें। कोई आपको खरीदने के लिए मजबूर नहीं करता। लेकिन यूरोप खरीदता है, अमेरिका खरीदता है, लेकिन अगर आपको यह पसंद नहीं है, तो उसे न खरीदें। 'इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम' में जयशंकर ने यह टिप्पणी उस समय की, जब उनसे अमेरिकी अधिकारियों के रूस के साथ ऊर्जा संबंधों को लेकर भारत की आलोचना किए जाने के बारे में पूछा गया। व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने बुधवार को कहा था कि भारत रूस से रियायती दरों पर कच्चा तेल खरीदकर और फिर परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों को यूरोप और अन्य स्थानों पर ऊंची कीमतों पर बेचकर मुनाफाखोरी में शामिल है। उन्होंने पहले भी इसी तरह के आरोप लगाए थे। जयशंकर ने आश्चर्य जताया कि यही मानदंड चीन और यूरोपीय संघ पर क्यों नहीं लागू किया गया, जो क्रमशः रूसी कच्चे तेल और रूसी एलएनजी के सबसे बड़े आयातक हैं। उन्होंने कहा, भारत को निशाना बनाने के लिए जिन तर्कों का इस्तेमाल किया गया है, वे सबसे बड़े तेल आयातक, चीन और सबसे बड़े एलएनजी आयातक, यूरोपीय संघ पर लागू नहीं किए गए हैं। विदेश मंत्री ने सवाल किया, जब लोग कहते हैं कि हम युद्ध के लिए धन मुहैया करा रहे हैं या (राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन के खजाने में पैसा डाल रहे हैं... तो रूस-यूरोपीय संघ का व्यापार भारत-रूस व्यापार से बड़ा है। तो क्या यूरोप पुतिन के खजाने में पैसा नहीं डाल रहा है?

### अमेरिका के लिए डाक सेवाएं अस्थायी रूप से बंद

संचार मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी नए मानदंडों में स्पष्टता के अभाव के कारण हवाई वाहक कंपनियों ने अमेरिका जाने वाली डाक ले जाने से इनकार कर दिया है और इस वजह से अमेरिका के लिए डाक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं। हालांकि, 100 अमेरिकी डॉलर तक के पत्रों, दस्तावेजों और उपहार वस्तुओं के लिए सेवाएं जारी रहेंगी। अमेरिकी प्रशासन ने 30 जुलाई, 2025 को जारी एक कार्यकारी आदेश में कहा था कि 100 अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के सामान पर 29 अगस्त से अमेरिका में सीमा शुल्क लागू होगा।

# बंगाल में विधानसभा चुनावों से पहले बनाए जा सकते हैं 14,000 नए मतदान केंद्र

### 29 अगस्त को होगी सर्वदलीय बैंठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनावों से पहले करीब 14 हजार नए मतदान केंद्र बनाए जा सकते हैं। चुनाव आयोग ने मतदान केंद्रों के पुनर्गठन पर चर्चा के लिए 29 अगस्त को सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बता दें कि राज्य में वर्तमान में 294 विधानसभा क्षेत्रों में करीब 78 हजार मतदान केंद्र हैं। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के अधिकारियों के मुताबिक, जिन मतदान केंद्रों में 1,200 से अधिक मतदाता हैं, उन्हें मतदान की सुविधा के लिए बांटा जाएगा। सीईओ कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि 1,200 से अधिक मतदाताओं वाले केंद्रों की पहचान कर ली गई है। इन्हें विभाजित किया जाएगा, ताकि मतदान सुचारू रूप से हो सके। मतदान केंद्रों की संख्या करीब 14,000 बढ़ सकती है। हम सभी दलों की बैठक में मतदान केंद्रों के पुनर्गठन पर चर्चा करेंगे। नए मतदान केंद्रों के जुड़ने के बाद कुल संख्या करीब 92 हजार हो जाएगी। 29 अगस्त को दोपहर 3.30 बजे सीईओ कार्यालय में होने वाली इस बैठक सभी राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया मांगी जाएगी। माना जा रहा है कि मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ने से खासकर विपक्षी दलों के लिए संगठनात्मक चुनौतियां बढ़ जाएंगी, क्योंकि उन्हें हर मतदान केंद्र पर एजेंट तैनात करना मुश्किल हो सकता है।

# आज 16 घंटे के लिए बंद रहेगा विद्यासागर सेतु

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता का विद्यासागर सेतु आज सुबह 5 बजे से रात 9 बजे तक पूरी तरह वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। पुल पर जरूरी मरम्मत और रखरखाव कार्य किए जाने के कारण यह निर्णय लिया गया है। कोलकाता पुलिस के अनुसार, हुगली नदी रिवर ब्रिज कमिश्नर्स (एच.आर.बी.सी.) इस दौरान इस्पात के पोर्टल शहतीर को उठाने और लगाने, सहायक तारों के प्रतिस्थापन तथा पुल को धारण करने वाली परतों का मरम्मत का कार्य करेंगे। पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने यातायात संबंधी अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि इस अवधि में किसी भी प्रकार का वाहन विद्यासागर सेतु का उपयोग नहीं कर सकेगा और यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग



निर्धारित किए गए हैं। योजना के अनुसार, चिड़ियाघर की ओर से आचार्य जगदीशचंद्र बोस मार्ग से पश्चिम दिशा में जाने वाले वाहनों को टर्फ व्यू से रेटिंग्स क्रॉसिंग होते हुए सेंट जॉर्ज गेट मार्ग, स्ट्रैंड मार्ग और अंत में हावड़ा पुल की ओर भेजा जाएगा। इसी तरह किडरपोर मार्ग से आने वाले पश्चिममुखी वाहनों को 11 फरलांग गेट से हैस्टिंग्स क्रॉसिंग होते हुए सेंट जॉर्ज गेट मार्ग और स्ट्रैंड मार्ग से होते हुए हावड़ा पुल की ओर मोड़ा जाएगा। पूर्व दिशा में जाने वाले वाहन जो खिदिरपुर से सी.जी.आर. मार्ग होते हुए विद्यासागर सेतु की ओर बढ़ते हैं, उन्हें हेस्टिंग्स क्रॉसिंग से सेंट जॉर्ज गेट मार्ग और स्ट्रैंड मार्ग के रास्ते हावड़ा पुल की ओर भेजा जाएगा। वहीं, के.पी. मार्ग से 'वाय' मोड़ होते हुए आने वाले वाहनों को 11 फरलांग गेट से आर.पी. मार्ग, लाल मार्ग होते हुए हावड़ा पुल की ओर डायवर्ट किया जाएगा। कोलकाता पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यातायात की स्थिति के अनुसार शहर की अन्य प्रमुख सड़कों पर भी अतिरिक्त नियंत्रण लागू किया जाएगा। यह प्रतिबंध केवल 24 अगस्त को तय 16 घंटे की अवधि तक ही प्रभावी रहेगा।

# सरकार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुधार जारी रखेगी: प्रधानमंत्री मोदी

## जीएसटी कानून होगा सरल, कीमतों में आएगी कमी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद जताते हुए शनिवार को कहा कि सरकार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुधार जारी रखेगी। मोदी ने कहा कि अगली पीढ़ी की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार प्रक्रिया इस दिवाली से पहले पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे जीएसटी कानून सरल हो जाएगा और कीमतें कम होंगी। प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र से स्वच्छ ऊर्जा, क्वांटम प्रौद्योगिकी, बैटरी भंडारण, उन्नत सामग्री और जैव प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाने का आग्रह किया। 'इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम' में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा, हम जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि विश्व की वृद्धि में भारत का योगदान बहुत जल्द लगभग 20 प्रतिशत होने जा रहा है। मोदी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में जो वृद्धि दिख रही है, वह पिछले 10 वर्षों में व्यापक आर्थिक स्थिरता के कारण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत का राजकोषीय घाटा 4.4 प्रतिशत तक कम हो गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां पूंजी बाजारों से रिकॉर्ड धन जुटा रही हैं। उन्होंने कहा कि बैंक अब काफी मजबूत हैं, महंगाई बहुत कम है, ब्याज दरें कम हैं और चालू खाता घाटा नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर महीने लाखों घरेलू निवेशक एसआईपी के जरिए पूंजी बाजार में हज़ारों करोड़ रुपये लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आर्थिक बुनियाद मज़बूत होती है, तो सकारात्मक प्रभाव चारों ओर दिखाई देता है।

# ईडी ने 'अवैध' सट्टेबाजी मामले में कर्नाटक के एक कांग्रेस विधायक को गिरफ्तार किया



छापेमारी में करोड़ों नकद व आभूषण मिले

**बेंगलुरु/नयी दिल्ली :** कर्नाटक के कांग्रेस विधायक के सी वीरेंद्र 'पप्पी' को कथित अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी मामले में धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत शनिवार को सिक्किम से गिरफ्तार किया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी ने यह भी कहा कि उसने शुक्रवार को कई राज्यों में छापेमारी शुरू की तथा 12 करोड़ रुपये नकद (करीब एक करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा सहित), छह करोड़ रुपये के सोने के आभूषण, लगभग 10 किलोग्राम चांदी और चार वाहन जब्त किए। ईडी ने हांलाकि यह नहीं बताया कि किस स्थान से क्या जब्त किया गया। उसके द्वारा जारी की गई तस्वीर में कैसीनो की मेज पर नोटों की बड़ी-बड़ी गड्डियां रखी हुई दिखाई दे रही हैं। ईडी ने कहा कि कर्नाटक की चित्रदुर्ग विधानसभा क्षेत्र के 50 वर्षीय विधायक 'पप्पी' को शुक्रवार को सिक्किम की राजधानी गंगटोक से धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 'अवैध' ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी मामले में हिरासत में लिया गया। ईडी ने बताया कि विधायक अपने सहयोगियों के साथ एक कैसीनो लीज पर लेने के लिए व्यावसायिक यात्रा पर गंगटोक गए थे। उसने बताया कि 'पप्पी' को शुक्रवार को सिक्किम की राजधानी गंगटोक में एक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और उन्हें बेंगलुरु की न्यायिक अदालत में पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड में लिया गया। ईडी का बेंगलुरु ज़ोन मामले की जांच कर रहा है।

# सीबीआई ने बैंक धोखाधड़ी के संबंध में अनिल अंबानी, आरकॉम के खिलाफ मामला दर्ज कर छापेमारी की

**नयी दिल्ली/मुंबई :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय स्टेट बैंक से 2929.05 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के संबंध में हाल में मामला दर्ज करने के बाद शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड के निदेशक अनिल अंबानी के मुंबई स्थित आवास की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



सीबीआई ने एक बयान में कहा कि एजेंसी की टीम ने मुंबई में दो जगहों-रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड (आरकॉम) के आधिकारिक परिसर और अनिल अंबानी के आवासीय परिसर पर तलाशी ली। सीबीआई ने बृहस्पतिवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शिकायत के आधार पर आरकॉम मुंबई, इसके निदेशक अनिल अंबानी, अज्ञात लोक सेवकों और अज्ञात अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी मुंबई के कफ परेड स्थित अंबानी के आवास 'सी विंड' पर हुई। एसबीआई की शिकायत के अनुसार, कंपनी पर विभिन्न ऋणदाताओं का 40,000 करोड़ रुपये से अधिक बकाया था, जिसमें अकेले एसबीआई को 2018 के आंकड़ों के अनुसार 2929.05 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सीबीआई ने बताया कि अंबानी और आरकॉम पर कथित तौर पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

# पटना में ट्रक और ऑटो में जोरदार भिड़ंत, आठ लोगों की मौत



**पटना :** पटना के बाहरी इलाके में शनिवार को एक ऑटो और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के पटना-नालंदा बॉर्डर के पास शाहजहांपुर में हुई। उसने बताया कि मृतकों में सात महिलाएं शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) विक्रम सिंह ने बताया कि घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा, ''ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है।'' मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्घटना में हुई लोगों की मौतों पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ''मुख्यमंत्री ने पटना में हुई इस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।''

# भारत स्वास्थ्य संकट के कगार पर, मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर के मामलों में हो रही वृद्धिः डॉक्टर

**नयी दिल्ली :** पद्म पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि भारत गैर-संक्रामक बीमारियों (एनसीडी) के कारण स्वास्थ्य संकट के कगार पर खड़ा है। मधुमेह, हृदय रोग और कैंसर जैसी बीमारियां अब महामारी का रूप ले चुकी हैं और समय रहते कदम न उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। विशेषज्ञों ने कहा कि देश में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। फेफड़े, स्तन और मुख का कैंसर सबसे तेजी से फैलने वाली श्रेणियों में हैं। देर से पहचान और महंगे इलाज के कारण कैंसर के मरीजों की मौत का खतरा अधिक रहता है। डॉक्टरों का कहना है कि नियमित जांच, शुरुआती पहचान और जीवनशैली सुधार से कैंसर का बोझ काफी हद तक कम किया जा सकता है। सर गंगाराम अस्पताल के डॉ. डी.एस. राणा ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा और दवाओं व अस्पतालों की लागत पर नैतिक नियमन की जरूरत बताई। मेदांता के डॉ. प्रवीण चंद्रा ने हृदय



रोगों में समय पर इलाज के महत्व पर जोर दिया, वहीं मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. अनूप मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में हर तीन में से एक व्यक्ति मधुमेह से पीड़ित है। डॉ. मोहसिन वली ने गैर-लाभकारी स्वास्थ्य मॉडल को अपनाने की सलाह दी, जबकि 'पैसिफिक वनहेल्थ' के अध्यक्ष डॉ. स्वदीप श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सभी के लिए वादा बननी चाहिए, विशेषाधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि एनसीडी से निपटने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र और समाज को मिलकर काम करना होगा। सार्वजनिक जागरूकता अभियान और स्क्रीनिंग कार्यक्रम अनिवार्य होने चाहिए। समय पर कदम उठाकर ही हम आने वाले दशक में करोड़ों जिंदगियां बचा सकते हैं।







## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 24 अगस्त, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, भाद्रपद शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 11:51 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 26:03 तक, योग : शिव, 12:25 तक, सूर्योदय: 5:17, सूर्यास्त: 18:01, चन्द्रोदय : 06:01, चन्द्रास्त: 18:44, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 16:22 से 17:57

## साप्ताहिक : राशिफल 24-08-25 से 30-08-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** आपको प्रेम जीवन में सुखद अनुभूति होगी और आप अपने साथी की बातों को महत्व देंगे, लेकिन वैवाहिक जीवन में तनाव रहने के चलते इस सप्ताह मन परेशान रहेगा। आपको अपने साथी से रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश करनी होगी। धन को लेकर इस सप्ताह आप खुश रहेंगे क्योंकि आप अपने इन्वेस्टमेंट को लेकर प्लानिंग करेंगे जो आपकी इनकम के सोर्स बढ़ाएंगे और अच्छा लाभ देंगे। वहीं, आप कुछ बेफिजूल के खर्च भी करेंगे। नौकरीपेशा वाले लोग नए सप्ताह में अपने काम को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। आपको इस समय कोई भी गलती करने से बचना होगा।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** यह सप्ताह आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। इस सप्ताह गृहस्थ जीवन में खुशियां आएंगी और आपके साथी को प्रमोशन मिलने से इनकम भी बढ़ेगी। वहीं, प्रेम जीवन जी रहे लोग नए सप्ताह में कुछ समस्याओं का सामना करेंगे। अपनी आर्थिक स्थिति को संभालना होगा इसलिए आप इस समय में कोई बड़ा निवेश करने से बचें और किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेकर कोई काम करें। करियर के लिए यह सप्ताह ठीक रहेगा। आपको सिर्फ अपने काम पर ध्यान देना है। किसी अजनबी पर भरोसा ना करें।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** यह सप्ताह आपके लिए मध्यम रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह अपने रिश्ते को लेकर उत्साहित रहेंगे और साथी को कोई गिफ्ट भी दे सकते हैं। वहीं, वैवाहिक जीवन में आप अपने मनमाने स्वभाव के चलते कुछ समस्याएं आएंगी जो आपके बीच दूरियां बढ़ा सकती हैं। धन को लेकर इस सप्ताह आपको कोई समस्या नहीं रहेगी और आप खुलकर खर्च करेंगे। आप इस समय अपने रहन-सहन पर अच्छा धन खर्च करेंगे। इस सप्ताह नई नौकरी का भी संयोग बन रहा है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** यह सप्ताह आपके लिए मध्यम रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह अपने साथी का साथ मिलेगा। वैवाहिक जीवन में कुछ समस्याएं दिख रही हैं इसलिए अपने रिश्ते को बचाकर चलना होगा। धन को लेकर समस्याएं रहेंगी। आपको अपने बजट पर ध्यान देने की आवश्यकता है। व्यवसाय कर रहे लोग नए सप्ताह में अपने व्यवसाय को लेकर कुछ लोगों से मिलेंगे जो आपको तरक्की देगी। इस समय बिना सोचे-समझे किसी डील को फाइनल करने से बचना होगा। नौकरीपेशा लोग अपने काम से संतुष्ट रहेंगे।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह तोल-मोल कर बोले क्योंकि आपके साथी के साथ वैमनस्य बढ़ सकता है। वैवाहिक जीवन में पारिवारिक समस्याएं आएंगी, लेकिन आप उनको सुलझा लेंगे। धन के मामले में इस सप्ताह भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपको किसी पैत्रक संपत्ति से भी लाभ होगा। आप कोई गलत निवेश ना करें। वरना समस्याएं बढ़ेंगी। अपने धन को लेकर मनमानी नहीं करनी चाहिए। व्यवसाय कर रहे लोग सप्ताह अपने काम पर पूरा ध्यान लगाएं। यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहेगा।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** यह सप्ताह कन्या राशि वाले जातकों के लिए सामान्य रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग व्यस्त रहने के साथ-साथ अपने साथी को पूरा समय देंगे। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह कुछ कहासुनी हो सकती है। धन को लेकर इस सप्ताह आपको सावधान रहना होगा। आप निवेश के बारे में भी सोचेंगे। नौकरीपेशा लोग इस सप्ताह अपने बॉस से प्रसन्न रहेंगे। उन्हें इंक्रीमेंट भी मिलने की संभावना है। व्यवसाय में इस सप्ताह कोई शोऑफ ना करें और आप अपने किसी प्रोजेक्ट पर पूरी निगरानी बनाकर रखें तभी अच्छा लाभ देगा।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** यह सप्ताह आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी की ओर से कोई खुशखबरी मिलेगी। गृहस्थ जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह साथी से कोई मन की बात कहेंगे। इस सप्ताह आपको अपने खर्चों को सोच-समझकर करना होगा। किसी के चक्कर में आकर अपने धन को कहीं ना लगाएं। शेयर मार्केट में निवेश अच्छा रहेगा। बिजनेस कर रहे लोग इस सप्ताह किसी प्रोजेक्ट की शुरुआत करने से पहले अच्छे से सोच विचार लें। नौकरी बदलने की सोच रहे हैं तो भाग्य आपके साथ है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** यह सप्ताह मिला-जुला रहने वाला है। इस सप्ताह प्रेमी लोगों को कुछ परेशानी हो सकती है। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को इस समय अपने जीवन में शांति बनाए रखनी है। धन को लेकर यह सप्ताह आपके लिए अच्छा नहीं है इसलिए आप बेफिजूल के खर्चों पर रोक लगाएं। इनकम के सोर्स को बढ़ाने पर ध्यान दें। व्यवसाय में सप्ताह आपको कोई बड़ा नुकसान हो सकता है इसलिए आप बहुत ही सोच समझकर का फैसला लें। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोग इस सप्ताह अच्छा लाभ कमा सकते हैं।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग आपसे रिश्ते बेहतर बनाने की कोशिश में रहेंगे लेकिन तनाव के चलेत कुछ समय लगेगा। वहीं, गृहस्थ जीवन को लोगों को इस सप्ताह कुछ समस्याएं परेशान करेंगी। धन के मामले अच्छे रहेंगे। इनकम के काफी सोर्स मिलेंगे। यदि आप कोई व्यवसाय करते हैं तो वह भी आपको अच्छा लाभ देगा। ऑफिस में इस सप्ताह अपने कामों में समझदारी दिखाएं और किसी पर भरोसा ना करें। व्यवसाय में आपको अच्छा प्रॉफिट मिलेगा।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ सपोर्ट करने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ रिश्ते की बात को आगे बढ़ा सकते हैं। गृहस्थ जीवन जी रहे लोग अपने साथी की किसी बात को इग्नोर नहीं करेंगे। धन को लेकर नए सप्ताह में कुछ समस्याएं आएंगी। इस समय किसी को उधार ना दें। यह सप्ताह करियर के हिसाब से बेहतर रहेगा इसलिए कोई भी बदलाव करने से बचें। विद्यार्थी इस सप्ताह किसी समस्या को लेकर परेशान रहेंगे और पढ़ाई को पूरा समय न देने के चलते कोई नुकसान उठाएंगे।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ उलझने लेकर आ रहा है। प्रेम जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह अपने रिश्ते में कुछ कंफ्यूजन के कारण परेशान रहेंगे। गृहस्थ जीवन में कुछ चिड़चिड़ापन रहने के कारण छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई झगड़ा हो सकता है। धन को लेकर इस सप्ताह थोड़ा सतर्क रहें। बिना सोचे-समझे खर्च करेंगे तो बाद में पछताना पड़ेगा। व्यवसाय कर रहे लोगों को इस सप्ताह अपने आगे की योजनाओं पर ध्यान देना होगा। काम को लेकर सप्ताह आप कुछ यात्राएं भी करेंगे।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ असमंजस भरा रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह अपने रिश्ते में कोई भी कंफ्यूजन हो तो उसे समय रहते दूर कर लें। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह पारिवारिक समस्याओं के कारण तनाव आएगा। आपकी आर्थिक स्थिति इस सप्ताह बेहतर रहने की संभावना है। आप इस सप्ताह कोई घर या मकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं। आप किसी योजना में लॉन्ग टर्म के लिए निवेश कर सकते हैं। इस सप्ताह कोई जल्दबाजी न दिखाएं।

# एक वर्ष में 72 लाख मामलों का निस्तारण बड़ी उपलब्धि : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ




**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को न्यायिक अधिकारियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एक वर्ष में 72 लाख मामलों का निस्तारण बड़ी उपलब्धि है। योगी आदित्यनाथ ने यहां उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन में कहा कि सुशासन का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है, जब न्यायिक व्यवस्था समयबद्ध, सस्ती और सुलभ हो। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2024 में जिला एवं सत्र न्यायालय में 72 लाख मामलों का निस्तारण हुआ, जो एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने हालांकि यह भी स्वीकार किया कि अब भी 1।15 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं, जो एक बड़ी चुनौती है। बयान के मुताबिक, योगी ने कहा, हमारी गति जितनी तेज होगी, आम जनमानस में विश्वास उतना ही मजबूत होगा। इसके लिए सरकार हर स्तर पर सहयोग करने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने नए आपराधिक कानूनों, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का भी उल्लेख किया। ये कानून एक जुलाई 2024 से प्रभावी हुए। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक आशंकाओं के बावजूद, न्यायिक अधिकारियों ने इन्हें तत्परता से लागू किया, जिससे ये कानून दंड पर आधारित न होकर न्याय की सुदृढ़ व्यवस्था पर केंद्रित साबित हुए। योगी ने विश्वास जताते हुए कहा कि ये कानून भारत की न्यायपालिका व लोकतंत्र को और मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होंगे। योगी ने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के प्रति सरकार की किसी प्रकार की कोई नरमी नहीं बरतने वाली नीति का जिक्र करते हुए कहा कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) और 'फास्ट-ट्रैक' जैसी 381 अदालत स्थापित की गयी हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा केंद्र सरकार के सहयोग से अदालत कक्षों और आवासीय निर्माण के लिए 2023-24 में 148 करोड़, 2024-25 में 239 करोड़ और 2025-26 में 75 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की गई है। योगी ने डिजिटल बुनियादी ढांचे और आधुनिक तकनीक को न्यायिक व्यवस्था में शामिल करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

### सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए न्यायिक व्यवस्था का सुगम होना आवश्यक : योगी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए न्यायिक व्यवस्था का सुगम और त्वरित होना आवश्यक है। योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन में न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने न्यायपालिका को सुशासन का रक्षक बताते हुए कहा कि इसके सुदृढ़ीकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। योगी ने कहा कि सुशासन का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है, जब हमारी न्यायिक व्यवस्था सुगम, त्वरित और सुलभ हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण आवश्यक है तथा इसके लिए एक मजबूत और त्वरित न्यायिक व्यवस्था अनिवार्य है।

## झारखंड में दो करोड़ रुपये मूल्य के जाली नोट जब्त, दो गिरफ्तार



**रांची :** झारखंड के रांची में शनिवार को दो करोड़ रुपये मूल्य के जाली नोट जब्त किए जाने के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रातू रोड इलाके में न्यू मार्केट चौक के निकट एक बस से कार में रखे जा रहे तीन कार्टन जब्त किए गए, जिनमें से प्रत्येक में 500 रुपये मूल्य के नोट के 42 बंडल थे। सुखदेव नगर थाने के प्रभारी कृष्ण कुमार साहू ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, जाली नोट के तीन कार्टन ज़ब्त किए गए। एक कार्टन खोलने पर उसमें से 42 बंडल जाली नोट बरामद किए गए। ये 42 बंडल दो अलग-अलग पैकेट में रखे हुए थे। उन्होंने कहा, हमारा अनुमान है कि तीनों कार्टन में जाली नोट की कुल कीमत दो करोड़ रुपये होगी। उन्होंने कहा कि जाली नोट की गिनती पूरी होने के बाद ही सही आंकड़ा पता चल पाएगा।

## मेरी हत्या होती है तो इसके जिम्मेदार अखिलेश यादव होंगे: पूजा पाल



**कौशांबी (उप्र) :** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करने पर समाजवादी पार्टी से निष्कासित की गईं विधायक पूजा पाल ने कहा है कि अगर उनकी हत्या होती है तो इसके लिए समाजवादी पार्टी (सपा) और उसके प्रमुख अखिलेश यादव जिम्मेदार होंगे। पाल ने 'एक्स' पर लिखा, मेरे पति के हत्यारों को सजा मिल गई है। आपने (अखिलेश) मुझे जिस तरह से बीच रास्ते में अपमानित करके मरने के लिए छोड़ दिया है, उससे समाजवादी पार्टी के आपराधिक प्रवृत्ति के समर्थकों का मनोबल बहुत बढ़ गया है। इसलिए संभव है कि मेरे पति की तरह मेरी भी हत्या कर दी जाए। यदि ऐसा होता है तो मेरी हत्या का वास्तविक दोषी समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव को माना जाए। पाल ने सपा से निष्कासित होने के बारे में लिखा, इतने बड़े बड़े दर्द सहने के बाद आपकी पार्टी से निष्कासन का दर्द बहुत छोटा दिखता है। अखिलेश यादव जी आप अपने दिमाग पर जोर डालकर यह याद कीजिए कि प्रयागराज की सड़कों पर दौड़ा-दौड़ाकर मेरे पति की हत्या की गई थी। उन्होंने कहा, संविधान बचाने का ढोंग करने वाली आपकी पार्टी की सरकार के कार्यकाल में अति पिछड़े परिवार की बदनसीब बेटी के पति का पार्थिव शरीर, अंतिम संस्कार के लिए भी नहीं दिया गया। आप अतीक अहमद जैसे पापी के आगे झुक गए होंगे, लेकिन इतने दिनों में मैं कभी किसी माफिया के सामने ना झुकी हूं और ना भयभीत हुई। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज के माफिया अतीक अहमद की हत्या को लेकर पूजा पाल ने हाल ही में सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की थी जिसके बाद अखिलेश यादव ने पूजा पाल को पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

## झारखंड में भारी बारिश से पांच लोगों की मौत, एक लापता



**रांची/सरायकेला :** झारखंड के कई हिस्सों में भारी बारिश से संबंधित घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए तथा एक व्यक्ति लापता है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पलामू, गढ़वा और चतरा जिलों के लिए रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक अत्यधिक भारी बारिश का 'रेड अलर्ट' जारी किया है, जबकि लातेहार, रांची, खूंटी, लोहरदगा, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात सरायकेला-खरसावां जिले में एक मकान ढहने से एक महिला और उसके सात वर्षीय बेटे की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि राजनगर प्रखंड के दांडू गांव में हुई इस घटना में आठ लोग घायल भी हुए हैं। राजनगर के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मलय दास ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में इलाज के दौरान महिला और उसके बेटे की मौत हो गई। वहीं, संतोष लोहार नामक व्यक्ति का कच्चा मकान गिरने से आठ अन्य लोग घायल हो गए।' पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब संतोष के कुछ रिश्तेदार उसके घर आए हुए थे। पुलिस ने कहा कि जिले में एक अन्य घटना में, शनिवार सुबह एक घर की दीवार गिरने से पांच साल के बच्चे की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। इसने बताया कि यह घटना खरसावां थाना क्षेत्र के कोल शिमला में सुबह चार बजे हुई। खरसावां थाने के प्रभारी गौरव कुमार ने कहा, 'मुन्ना बोदरा के घर की दीवार गिर गई जिससे उसके पांच साल के बेटे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बोदरा, उसकी पत्नी और दो साल की बेटी घायल हो गई। उन्हें सरायकेला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।' वहीं, एक अधिकारी ने बताया कि चतरा जिले के कटघरा गांव में शुक्रवार को एक दंपति उफनती सियारी नदी में बह गया।

## 'फॉर्च्यूनर' कार और टेंपो की आमने-सामने की टक्कर में एक बच्चे सहित पांच लोगों की मौत



**पीलीभीत :** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में एक राजमार्ग पर शनिवार को तेज रफ्तार एक 'फॉर्च्यूनर' कार और टेंपो की आमने-सामने की टक्कर में एक बच्चे सहित पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के साथ ही टेंपो खाई में पलट गया और पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने पीलीभीत-हरिद्वार हाइवे पर हुई टेंपो और फॉर्च्यूनर की टक्कर में जान गंवाने वाले लोगों के के प्रति संवेदना व्यक्त की। जहानाबाद थाना पुलिस के अनुसार, जहानाबाद से सवारियों से भरा एक टेंपो अमरिया की तरफ जा रहा था कि तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार एक 'फॉर्च्यूनर' कार की उससे आमने-सामने की टक्कर हो गयी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के साथ ही टेंपो पलटकर खाई में जा गिरा। पुलिस के अनुसार, एक महिला और दो बच्चों समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पाकर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने टेंपो में सवार आधा दर्जन सवारियों को शीघ्र जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान राजदा (45), जानेसार (15), विजय (30), हमजा (दो) और फरीदा के रूप में हुई है।

## मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को गाजीपुर जेल से कासगंज जिला कारागार भेजा गया



**गाजीपुर (उप्र):** बाहुबली नेता रहे मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी को सरकार के आदेश के बाद गाजीपुर जेल से कासगंज जिला कारागार स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की रात उमर को कासगंज के लिए रवाना किया गया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दीनदयाल पांडेय ने उमर अंसारी को कासगंज भेजे जाने की पुष्टि की। पांडेय ने कहा कि उमर अंसारी को कासगंज जिला कारागार भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक उमर अंसारी को तीन अगस्त को अदालत में जाली दस्तावेज पेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, यह मामला उनके पिता की जब्त की गयी संपत्तियों को छुड़ाने के लिए दायर एक याचिका से जुड़ा है। गाजीपुर पुलिस ने उमर को राजधानी लखनऊ में गिरफ्तार किया था।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान: सड़क हादसे में तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले में शनिवार सुबह रोडवेज की एक बस और एक 'बोलेरो' कार की टक्कर में तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हुए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जसवंतगढ़ के पुलिस निरीक्षक जोगेंद्र राठौड़ ने बताया कि बोलेरो में सवार लोग मोमासर गांव से पुष्कर की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि लाडनूं-सुजानगढ़ रोड पर कार की रोडवेज की एक बस से टक्कर हो गई। अधिकारी ने बताया कि हादसे में शारदा देवी, लिछमा, तुलछी देवी और ओमप्रकाश (42) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में रूपा (45), भोजराज (17), मुरली (11) और ममता (15) घायल हो गए।

### दुकानदार ने टॉफी का लालच देकर दो बच्चों से किया कुकर्म, गिरफ्तार

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में टॉफी का लालच देकर आठ और नौ वर्ष के दो बच्चों से कथित तौर पर कुकर्म करने वाले दुकानदार को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उभांव थानाक्षेत्र के एक कस्बे में 11 अगस्त की शाम को आठ और नौ वर्ष के दो बच्चे एक दुकान के सामने खेल रहे थे कि तभी अफजाल अंसारी उर्फ राजू मास्टर (43) नाम के दुकानदार ने दोनों बच्चों को टॉफी का लालच देकर बुलाया और दुकान में उनसे कथित तौर पर कुकर्म किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने बच्चों को घटना के बारे में किसी को भी बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी लेकिन बच्चों ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक बच्चे की मां की तहरीर पर अफजाल अंसारी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के प्रावधानों के तहत 13 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया गया।

### गैंगस्टर मयंक सिंह को आजरबैजान से प्रत्यर्पित करके रांची लाया गया



**रांची :** अजरबैजान से प्रत्यर्पण के बाद झारखंड आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा गैंगस्टर मयंक सिंह को शनिवार सुबह रांची वापस लाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड एटीएस के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ऋषव कुमार झा के नेतृत्व में एटीएस के दल ने दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के अनुसार औपचारिकताएं पूरी कीं और फिर सिंह उर्फ सुनील मीणा को वापस लाने के लिए आजरबैजान का दौरा किया। रांची हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद झा ने कहा, झारखंड पुलिस के इतिहास में यह पहला सफल प्रत्यर्पण है। हमें उम्मीद है कि विदेश में मौजूद बाकी अपराधियों को भी जल्द ही प्रत्यर्पण या निर्वासन के जरिए वापस लाया जाएगा। उन्होंने कहा, यह एक बड़ी उपलब्धि है और इसका श्रेय हमारे पुलिस महानिदेशक, मुख्यमंत्री और राज्य व केंद्र सरकार के सहयोग को जाता है। एसपी ने बताया कि सिंह झारखंड, राजस्थान और पंजाब समेत अन्य राज्यों में दर्ज 50 से अधिक मामलों में वांछित है।

## वर्ग पहेली नं। 3186

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | | ■ | 9 | 10 | | 11 | |
| | ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ | | ■ |
| 14 | 15 | | ■ | 16 | | | ■ | 17 | 18 |
| ■ | 19 | | ■ | | ■ | 20 | 21 | ■ | |
| 22 | | ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | | |
| 26 | | 27 | | ■ | 28 | | | ■ | |
| | ■ | 29 | | | ■ | ■ | 30 | | |

*बायें से दायें:-* 2) टेढ़ापन, 4) आग्रही निवेदन, 7) एकत्र, 8) महल्ला, 9) कृतघ्नता, 12) भाँति, 14) भिलनी; एक आदिवासी रामभक्त स्त्री *(रामायण)*, 16) पैसेवाला, 17) अपेक्षा; आसक्ति, 19) चौकी, 20) पुरज़ा; घटक, 22) नौका, 23) झीना, 25) स्वादिष्ट, 26) शैतान; उच्छृंखल; उपद्रवी, 28) खोज, 29) निर्धन, 30) कृत्रिम जलमार्ग.

*ऊपर से नीचे:-* 1) घुमंतू; बनजारा, 2) एक लंबा, सीधा और गिरहदार पौधा, 3) अशक्त, 4) विजय, 5) ज्ञात, 6) शहर का, 10) संसद का एक सभागृह, 11) फेरी दुकान, 12) रीति, 13) शरारत, 15) रचना, 18) प्रहारक, 21) गला, 22) एक धर्मसंस्थापक, 23) रेलगाड़ी के चलने की लोहे की छड़, 24) बाजरा, धान आदि को भूनकर बनाया गया खाद्य पदार्थ, 27) पक्षी.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लो | ■ | अ | ग्र | ज | ■ | त | ह | ल | का |
| हा | दि | क | ■ | ल | की | र | ■ | ■ | जू |
| ■ | ■ | स | हि | त | ■ | ह | या | त | ■ |
| शा | ति | र | ■ | रं | ■ | दा | ■ | द | र्प |
| प | त | ■ | म | ग | रू | र | ■ | नु | ■ |
| ■ | र | ■ | रो | ■ | ढ़ | ■ | दा | रू | ■ |
| ■ | बि | ग | ड़ | ना | ■ | स | र | प | ट |
| मौ | त | ■ | ना | प | सं | द | ■ | ■ | क्क |
| न | र | म | ■ | ना | ■ | मा | ल | दा | र |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3143

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 1 | | | 7 | | | 5 |
| 4 | | | | | | | | |
| | | | 3 | | | | | 2 |
| | | 5 | | | | | | |
| 1 | | | | 9 | | | | 7 |
| | | 3 | | 4 | | | 5 | |
| | 7 | | 6 | | | | | |
| | 4 | | 1 | | | 7 | | |
| 8 | | | | | | | 6 | 4 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3142 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 | 7 | 5 | 2 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 9 | 4 | 1 | 6 |
| 6 | 7 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 3 | 4 | 5 | 2 | 7 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 | 4 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 9 | 8 |
| 7 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 6 | 9 |
| 5 | 4 | 8 | 9 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 3 | 9 | 6 | 1 | 2 | 7 | 8 | 4 | 5 |

# बैंक के अंदर ही बिछा था धोखाधड़ी का जाल, निजी बैंक के 5 कर्मचारी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यूटाउन इलाके में स्थित एक निजी बैंक के पांच उच्च पदस्थ कर्मचारियों को अपने ही बैंक के ग्राहकों से धोखाधड़ी करने के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। राज्य के साइबर अपराध विभाग ने घटना की जांच के बाद खुलासा किया है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि गत 23 जुलाई को बिधाननगर साइबर अपराध थाने में मामला दर्ज कराया गया था। शिकायत में कहा गया था कि ग्राहकों को बैंक मैनेजर बनकर फोन, एसएमएस या



व्हाट्सएप के जरिए कॉल किया जा रहा था। कहा जा रहा था कि ग्राहकों के केवाईसी दस्तावेज अधूरे हैं और अगर उन्हें जल्दी नहीं भरा गया तो खाता बंद कर दिया जाएगा।

इसके अलावा, ग्राहकों को भारी भरकम फिक्स्ड डिपॉजिट, जीवन बीमा या विभिन्न बीमा पॉलिसियों का लालच देकर उनसे उनकी गोपनीय जानकारी ली जा रही थी। इस हथकंडे के जरिए करीब 2.47 करोड़ रुपये हथिया लिए गए। बैंक अधिकारियों ने ही सबसे पहले धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में लाया। फिर, जांच करने पर पुलिस हैरान रह गई। पता चला कि इस घोटाले का असली मास्टरमाइंड, एक बाहरी धोखाधड़ी गिरोह के साथ मिलकर, बैंक अधिकारियों का एक समूह था। आखिरकार, सबूत सामने आते ही साइबर विभाग ने निजी बैंक के पांच अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है कि इस धोखाधड़ी गिरोह में और कौन-कौन शामिल है और क्या ऐसा नेटवर्क अन्य शाखाओं या अन्य क्षेत्रों में भी फैला हुआ है।

# बेलियाघाटा में बेटे ने मां की पीट-पीटकर की हत्या, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेलियाघाटा इलाके में एक बेटे पर अपनी मां की बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगा है, जिससे एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। घटना शनिवार की दोपहर की है। मृतका की पहचान नंदिता बसु (65) के रूप में हुई है। उसके बेटे मैनाक बसु को हत्या के आरोप में हिरासत में लिया गया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, शनिवार की दोपहर करीब 1:50 बजे उन्हें सूचना मिली कि बेलियाघाटा इलाके के काबी सुकांता सरणी स्थित अपने घर में एक वृद्ध महिला बेहोश पड़ी है। जब पुलिस पीड़िता को देखने गई, तो उसके मुंह से खून निकल रहा था और उसका




शरीर ठंडा था। महिला का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया है। जांच के दौरान, पुलिस को पता चला कि नंदिता बसु उस घर में अपने बेटे मैनाक के साथ रहती थी। शनिवार को, उसका मैनाक से झगड़ा हुआ था। उसी समय, मैनाक ने अपनी मां को बेरहमी से पीटा, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि बेटे की पिटाई के बाद उसकी मौत हुई है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। बेटे को हिरासत में लिया गया है। उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जांच शुरू हो गई है। पुलिस अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि युवक ने अपनी मां को इतनी बेरहमी से क्यों पीटा। वे यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि दोनों के बीच झगड़ा क्यों हुआ था। सूत्रों ने बताया कि संपत्ति विवाद से जुड़ा मामला मां और बेटे के बीच रिश्ते में आई दरार का कारण हो सकता है।

## पीएम, सीएम को पद से हटाने संबंधी विधेयक पर बनी जेपीसी में नहीं होंगे तृणमूल के सांसद

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने की रूपरेखा तय करने वाले तीन विधेयकों पर विचार के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को 'तमाशा' करार देते हुए कहा कि वह इसमें कोई सदस्य नहीं भेजेगी। तृणमूल कांग्रेस ने एक बयान में कहा कि हम 130वें संविधान संशोधन विधेयक का अभी प्रस्ताव के चरण में ही विरोध करते हैं और हमारे विचार से जेपीसी एक तमाशा है। इसलिए, हम तृणमूल कांग्रेस से किसी को नामित नहीं कर रहे हैं।

## आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज भ्रष्टाचार मामले में टीएमसी विधायक के घर सीबीआई की छापेमारी

**कोलकाता :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भ्रष्टाचार मामले की जांच के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को श्रीरामपुर के तृणमूल कांग्रेस विधायक सुदीप्त राय के घर छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार, शनिवार दोपहर सीबीआई के दो अधिकारी विधायक के सिमिति स्थित आवास पर पहुंचे और पूछताछ की प्रक्रिया शुरू की।

हालांकि विधायक सुदीप्त राय उस समय घर पर मौजूद नहीं थे। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि उनके लौटने पर उनसे सीधे पूछताछ की जाएगी। बता दें कि राय आर.जी. कर अस्पताल की रोगी कल्याण समिति के चेयरमैन रह चुके हैं। हाल ही में महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या की




घटना के बाद उन्हें पद से हटा कर शांतनु सेन को जिम्मेदारी दी गई थी।

गौरतलब है कि सुदीप्त राय लंबे समय से सीबीआई की निगरानी में हैं। पिछले वर्ष सितंबर में भी सीबीआई की अपराध शाखा ने उनके आवास पर तलाशी ली थी। अब एक बार फिर एजेंसी ने उनके घर पर छापेमारी कर जांच को आगे बढ़ाया है।

# पढ़ाई को लेकर पिता की डांट, किशोर बेटे ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा**

तीन साल पहले, एक गृहिणी ने घरेलू अशांति के कारण जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। और तीन साल बाद, उक्त गृहिणी के किशोर बेटे ने उसी तरह कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार की सुबह गोबरडांगा थाना अंतर्गत प्रतापनगर के गणदीपायन इलाके में दसवीं कक्षा के एक छात्र का शव उसके घर से बरामद किया गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, गत शुक्रवार को पिता ने अपने बेटे को उसकी पढ़ाई को लेकर डांटा था। परिवार के सदस्यों को संदेह है कि लड़के ने उस अपमान के कारण आत्महत्या कर ली। गोबरडांगा थाना पुलिस ने



शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, साथ ही जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान चंदन हलदर (16) के रूप में की गई है। वह हाबरा के हत्थुबा बॉयज हाई स्कूल का छात्र था। बताया गया है कि तीन साल पहले अपनी मां की मृत्यु के बाद से वह अपने पिता शिमुल हलदर के साथ एक ही घर में रह रहा था। अपने परिवार और काम के अलावा, शिमुल अपने इकलौते बेटे की पढ़ाई का भी बहुत ध्यान रखते थे और उस पर नियमित रूप से नजर रखते थे। हाल ही में, चंदन अपनी पढ़ाई में थोड़ा लापरवाह हो गया था। उसके पिता ने शुक्रवार की रात अपने बेटे को इसके लिए डांटा। चंदन ने हमेशा की तरह डांट सहन कर ली। उसने रात में खाना भी खाया। फिर, यह हादसा हुआ। आधी रात को चंदन का बेजान शरीर उसके घर से बरामद किया गया। परिवार के सदस्यों का प्रारंभिक अनुमान था कि चंदन रात में खाने के बाद अपने घर में घुस गया था और घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया था। इसी से उसकी मौत हुई।

## मंगलवार को पूर्व और पश्चिम बर्दवान में ममता करेंगी परियोजनाओं का शिलान्यास

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे राजनीतिक सरगर्मी तेज होती जा रही है। सभी पार्टियां अपने-अपने संगठन को मजबूत करने में जुट गई हैं। इसी कड़ी में, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आगामी मंगलवार को पूर्व व पश्चिम बर्दवान जिलों के दौरे पर जाएंगी। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री अपने इस दौरे के दौरान कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने के साथ-साथ प्रशासनिक बैठक भी करेंगी। बर्दवान म्यूनिसिपल बॉयज हाई स्कूल के मैदान में आयोजित इस प्रशासनिक बैठक में दोनों जिलों के अधिकारी,



सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। बैठक में कुछ लाभार्थियों को भूमि पट्टा भी सौंपा जाएगा। जानकारी के अनुसार, 26 अगस्त दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री पूर्व व पश्चिम बर्दवान जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इस दौरान कई परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और सेवाओं का वितरण भी होगा।




बॉडीगार्ड लाइन में यातायात जागरूकता बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा व अन्य उच्च पुलिस अधिकारी

## राज्य में एसआईआर की तैयारियों पर चुनाव आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा**

मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन यानी एसआईआर शुरू करने से पहले निर्वाचन आयोग ने एक बार फिर राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजकर तैयारियों की ताजा जानकारी मांगी है। आयोग ने निर्देश दिया है कि सभी राज्यों को अपनी विस्तृत रिपोर्ट 29 अगस्त तक राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग को सौंपनी होगी। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि आयोग ने इससे पहले पांच अगस्त को भी आदेश जारी कर चुनाव संबंधी रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरने और आवश्यक तैयारियां पूरी करने को कहा था। अब शुक्रवार को जारी ताजा पत्र में उसी निर्देश की याद दिलाते




हुए कहा गया है कि रिक्तियों की स्थिति और समग्र तैयारियों की जानकारी समय पर दी जानी चाहिए। निर्वाचन आयोग के इस कदम से स्पष्ट है कि आगामी चुनावों को लेकर पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए आयोग हर स्तर पर तैयारियों की गहन समीक्षा करना चाहता है।

## कोलकाता ब्लू लाइन मेट्रो में 25 अगस्त से नई सेवाओं का शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो प्रशासन ने यात्रियों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। 25 अगस्त 2025 (सोमवार) से ब्लू लाइन पर कुल 284 ट्रेनें (142 अप + 142 डाउन) संचालित होंगी, जबकि वर्तमान में यह संख्या 262 है। यह निर्णय बढ़ती यात्रियों की संख्या और व्यस्त समय में बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। सोमवार से शुक्रवार तक पहली सेवाएं नोआपाड़ा से शहीद खुदीराम 06:50 बजे, शहीद खुदीराम से दक्षिणेश्वर 06:54 बजे, दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम 06:55 बजे और महानायक उत्तम कुमार से दक्षिणेश्वर 06:55 बजे से प्रारंभ होंगी। अंतिम सेवाएं, दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम 21:28 बजे, शहीद खुदीराम से दक्षिणेश्वर 21:34 बजे (पहले 21:33 बजे) और शहीद खुदीराम से दमदम 21:44 बजे (पहले 21:43 बजे) निर्धारित की गई हैं। शनिवार व रविवार को सेवाओं में कोई बदलाव नहीं होगा।

## आनंदपुर में जूता-चप्पल निर्माण इकाई में लगी भीषण आग



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व कोलकाता के आनंदपुर इलाके में शनिवार को एक जूता-चप्पल निर्माण इकाई में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भीड़भाड़ वाली गुलशन कॉलोनी में लगी आग को बुझाने के लिए दमकल की चार गाड़ियां भेजी गई हैं।

उन्होंने बताया कि यह घटना दोपहर 2.20 बजे हुई। अधिकारियों ने बताया कि इकाई बंद थी और अंदर किसी के फंसे होने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

## 'आप श्रेय तो लेंगी, लेकिन काम नहीं करेंगी', दिलीप घोष ने ममता पर निशाना साधा

**कोलकाता, समाज्ञा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोलकाता में कई मेट्रो रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन करने के एक दिन बाद, भाजपा नेता दिलीप घोष ने शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। दिलीप घोष ने ममता बनर्जी पर रेल मंत्री का पदभार संभालते समय ट्रैफिक जाम के मुद्दे को हल नहीं करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने आगे दावा किया कि मेट्रो नेटवर्क के कारण दिल्ली में ट्रैफिक जाम में कमी आई है, भले ही इसे कोलकाता की तुलना में बहुत बाद में शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि कोलकाता में मेट्रो शुरू हुए 40-50 साल हो गए, और आज वो कहां पहुंच



गई? दिल्ली मेट्रो कब शुरू हुई? दिल्ली में मेट्रो का पूरा नेटवर्क बिछा है, और मेट्रो की वजह से दिल्ली में ट्रैफिक जाम की समस्या कम हुई है। दिलीप घोष ने कहा कि ममता बनर्जी ने क्या किया है? वह 15 साल से मुख्यमंत्री हैं और उससे पहले रेल मंत्री थीं, समस्या का समाधान क्यों नहीं हुआ? आप श्रेय तो लेंगी, लेकिन काम नहीं करेंगी, जनता सब जानती है।

# लूटपाट के लिए न्यू गरिया में वृद्धा की हत्या, आया और उसका पुरुष साथी गिरफ्तार

❑ **पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटे हुए गहने किए बरामद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यू गरिया के पंचसायर थाना इलाके में एक बुजुर्ग महिला की हत्या के सिलसिले में शनिवार को एक नर्स और उसके साथी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के नाम आशालता सरदार (36) और उसके साथी मोहम्मद जलाल मीर (41) है। दोनों दक्षिण 24 परगना के धोलाहाट के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों ने राज्य से बाहर रहने वाले अपने बच्चों की अनुपस्थिति में बुजुर्ग दंपति को लूटने की साजिश रची थी। पुलिस ने बताया कि जलाल को धोलाहाट स्थित उसके घर से रात 1.40 बजे गिरफ्तार किया गया। बाद में, आशा-लता को नरेंद्रपुर इलाके में उसके किराए के घर से सुबह 8.05 बजे



गिरफ्तार किया गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि नर्स रात में अपने साथी के साथ दंपति के घर आई थी। वह खुद घर में घुस गई, लेकिन उसका साथी बाहर इंतजार कर रहा था। वृद्ध महिला का शव मिलने के 24 घंटे के भीतर ही ये गिरफ्तारियां कर ली गईं। पुलिस ने बताया कि 82 वर्षीय प्रशांत



दास पंचसायर इलाके के कुल्लू विला में रहती थी। वृद्ध अपनी पत्नी विजया दास (79) के साथ रहते थे। उनकी बेटी जर्मनी में रहती है और बेटा मुंबई में रहता है। आरोपी ने वृद्ध महिला के पहने हुए गहने भी चुरा लिए थे। वृद्ध महिला के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उसकी मौत सिर में चोट लगने और दम घुटने से हुई थी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को घर से बुज़ुर्ग महिला का शव बरामद हुआ। उस समय, बुज़ुर्ग व्यक्ति भी बगल वाले कमरे में ज़मीन पर पड़ा था। वह घबराया हुआ था। दंपत्ति के बच्चों को इस दुखद घटना की सूचना दे दी गई है। बुज़ुर्ग महिला का शव बरामद होने के बाद, पता चला कि घर के सीसीटीवी केबल कटे हुए थे। पुलिस ने बताया कि बिजली का कनेक्शन भी काट दिया गया था। पुलिस ने बताया कि बुज़ुर्ग महिला का शव सीढ़ियों के पास मिला, उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। घर की नौकरानी आई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद, वह पिछले दरवाज़े से अंदर गई और बुज़ुर्ग महिला का शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पिछला दरवाज़ा खुला था।

**पूजा स्पेशल ट्रेन**
**सियालदह एवं मालतीपाटपुर के बीच**

आगामी **पूजा, दिवाली** एवं **छठ** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **03101/03102 सियालदह-मालतीपाटपुर-सियालदह स्पेशल ट्रेन (साप्ताहिक)** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सारणी, ठहराव, यात्रा के दिन एवं गठन के अनुसार चलाई जाएगी :-

| सियालदह-मालतीपाटपुर | | | (03101)(03102) | मालतीपाटपुर-सियालदह | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा के दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा के दिन |
| शुक्रवार | - | 23.50 ↓ | सियालदह | 02.00 | - | रविवार |
| शनिवार | 01.00 | 01.05 | आंदुल | 00.05 | 00.10 | |
| | 02.35 | 02.40 | खड़गपुर | 22.35 | 22.40 | शनिवार |
| | 06.55 | 07.00 | कटक | 17.40 | 17.45 | |
| | 09.35 | - | मालतीपाटपुर ↑ | - | 15.40 | |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में बालेश्वर, भद्रक, जाजपुर केन्दुझर रोड, भुवनेश्वर एवं खोरधा रोड स्टेशनों में भी ठहरेंगी। **यात्रा की तारीख/दिन: सियालदह से - 03101** दिनांक 26/09, 03/10, 10/10, 17/10, 24/10, 31/10, 07/11, 14/11, 21/11 एवं 28.11.2025 (शुक्रवार) = 10 ट्रिप एवं **मालतीपाटपुर से - 03102** दिनांक 27/09, 04/10, 11/10, 18/10, 25/10, 01/11, 08/11, 15/11, 22/11 एवं 29.11.2025 (शनिवार) = 10 ट्रिप। **गठन :** वातानुकूलित प्रथम श्रेणी - 01, वातानुकूलित 2-टीयर - 04, वातानुकूलित 3-टीयर - 12, पावर कार - 02 = 19 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विधानसभा चुनाव : ममता-शुभेंदु के बीच प्रतिष्ठा की जंग तेज, एक दूसरे के गढ़ को तोड़ने की तैयारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सियासत में एक बार फिर से बड़ा मोड़ आता दिख रहा है। नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी अब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गढ़ भवानीपुर पर नजरें गड़ाए हुए हैं। वहीं, दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस ने शुभेंदु के गढ़ नंदीग्राम पर फोकस बढ़ा दिया है। दोनों दलों की इस रणनीति ने राज्य की राजनीति को और अधिक रोचक बना दिया है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, शुभेंदु अधिकारी ने भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में बूथ-स्तरीय ताकत और कमजोरी का पता लगाने के लिए एक विशेष सर्वे शुरू कराया है। सर्वे में 2021 के विधानसभा चुनाव में कहां ममता बनर्जी की पार्टी आगे रही और कहां पीछे, इस पर खास ध्यान दिया जा रहा है। भाजपा नेताओं का कहना है कि ममता को इस बार भवानीपुर में खुला मैदान नहीं मिलेगा। शुभेंदु अधिकारी यहां तक कह चुके हैं कि हजारों फर्जी नाम इस बार हटेंगे और ममता को हार का सामना करना पड़ेगा।



❑ **नंदीग्राम में तृणमूल कांग्रेस की तैयारी**

दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस ने चुपचाप नंदीग्राम में अपनी रणनीति बदलनी शुरू कर दी है। यही वह सीट है जहां 2021 में ममता बनर्जी और शुभेंदु अधिकारी आमने-सामने आए थे और ममता को 1,956 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी लगातार जिला और ब्लॉक स्तर के नेताओं से बैठक कर रहे हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि नंदीग्राम के लिए अलग रणनीति बनाई जा रही है और जल्द ही बूथ स्तर के पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक होगी।

❑ **सियासी प्रतिष्ठा की लड़ाई**

राजनीतिक जानकार मानते हैं कि यह केवल भवानीपुर बनाम नंदीग्राम की जंग नहीं रह गई है। अब यह ममता बनर्जी बनाम शुभेंदु अधिकारी और अभिषेक बनर्जी बनाम शुभेंदु अधिकारी की सीधी टक्कर बन चुकी है। भाजपा का तंज है कि ममता कंपार्टमेंटल मुख्यमंत्री हैं जो अपने चुने हुए मैदान नंदीग्राम में हार गईं, जबकि तृणमूल कांग्रेस शुभेंदु अधिकारी को लोड शेडिंग विपक्षी नेता कहकर पलटवार करती है।

❑ **अगले चुनाव से पहले रणनीति**

अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर दोनों दल पूरी ताकत झोंक रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस का मानना है कि नंदीग्राम में शुभेंदु को हराना सिर्फ एक सीट जीतने का सवाल नहीं बल्कि राजनीतिक बदला होगा। वहीं, भाजपा का इरादा भवानीपुर में ममता बनर्जी को शिकस्त देकर बड़ा संदेश देने का है। दोनों ही दलों की तैयारियों से साफ है कि बंगाल का अगला चुनाव प्रतिष्ठा की जंग बनने जा रहा है।

www.samagya.in
विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL · EDUCATION · OBITUARY
PROPERTY · NAME CHANGE · REMEMBRANCE
RECRUITMENT · PUBLIC NOTICE · DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# एसएससी परीक्षा में सख्त नियम: मोबाइल प्रतिबंधित, सीसीटीवी अनिवार्य

**कोलकाता :** स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) की आगामी परीक्षाओं में नकल और गड़बड़ी रोकने के लिए नवान्न ने कड़े सुरक्षा उपाय लागू करने का निर्णय लिया है। परीक्षाएं 7 और 14 सितंबर को आयोजित होंगी - 7 सितंबर को नवम- दशम (कक्षा 9-10) और 14 सितंबर को कक्षा 11-12 शिक्षक भर्ती परीक्षा होगी।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में मुख्य सचिव मनोज पंत ने ज़िलाधिकारियों और पुलिस



अधीक्षकों को कई अहम निर्देश दिए। हर जिले में एक अतिरिक्त जिलाधिकारी स्तर का अधिकारी पूरे परीक्षा संचालन की निगरानी करेगा। वहीं, प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक डिप्टी मजिस्ट्रेट स्तर का अधिकारी मौजूद रहेगा।

निर्देशों के अनुसार, प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्र तक पहुँचाने के दौरान एक सरकारी अधिकारी अनिवार्य रूप से साथ रहेगा। प्रत्येक केंद्र पर फ्रिस्किंग (शारीरिक तलाशी) की जाएगी, जिसका नेतृत्व संबंधित जिले का पुलिस प्रशासन करेगा।

सबसे बड़ा बदलाव यह है कि हर परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य होंगे और परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यदि किसी अभ्यर्थी के पास मोबाइल पाया गया, तो उसका परीक्षा तुरंत रद्द कर दिया जाएगा।

इसके अलावा, 7 और 14 सितंबर दोनों दिन पर्याप्त परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने और रेलवे संपर्क सामान्य बनाए रखने के लिए राज्य सरकार रेलवे को सूचित करेगी।

इस बार सरकार ने साफ कर दिया है कि एसएससी परीक्षा में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# फरक्का में राष्ट्रीय राजमार्ग पर जूट से लदे वैन को रोकने पर पुलिस की 'पिटाई'

## तृणमूल ग्राम पंचायत के उप प्रधान गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के फरक्का इलाके में ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी पर हमला करने और उसकी पिटाई करने के आरोप में तृणमूल ग्राम पंचायत के उप प्रधान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम तारिकुल शेख है। बताया गया है कि गत शुक्रवार की दोपहर न्यू फरक्का में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 पर जूट से लदी एक इंजन वैन मालदह की ओर जा रही थी। ड्यूटी पर तैनात पुलिस के एएसआई तापस घोष ने इसे रोक दिया। इंजन वैन को राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने की अनुमति नहीं है। उसके बाद, इंजन वैन को एक मुचलका देने के लिए



कहा गया कि इंजन वैन का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्ग पर नहीं किया जाएगा। फिर, वैन चालक ने जूट मालिक को बुलाया। जूट का मालिक बेवा -1 ग्राम पंचायत का उप प्रधान तारिकुल शेख है। वह घटनास्थल पर गया। उन्होंने कथित तौर पर ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारी पर हमला कर दिया। पुलिस अधिकारी के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार और मारपीट की गई। फरक्का थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। तृणमूल नेता को पहले मौके से गिरफ्तार किया गया। बाद में, रात में एएसआई तापस घोष ने थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज की। उस शिकायत के आधार पर, तृणमूल नेता को गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार को गिरफ्तार व्यक्ति को अदालत में पेश किया गया। हालांकि, पंचायत के उप प्रधान ने अपने खिलाफ आरोपों से इनकार किया।

## 2026 के चुनाव में अवैध घुसपैठियों को नहीं डालने देंगे वोट : सुकांत मजूमदार



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व सांसद डॉ. सुकांत मजूमदार ने कहां है कि आगामी विधानसभा चुनाव में बाहरी घुसपैठियों को वोट नहीं डालने दिया जाएगा। शनिवार को एक्स पर लिखे एक पोस्ट में उन्होंने सवाल उठाया कि क्या बांग्लादेश सरकार के राष्ट्रीय पहचान पत्रधारी मो. अब्दुर राज्जाक और दक्षिण दिनाजपुर जिले के कुमारगंज विधानसभा के 101 नंबर बूथ के मतदाता राज्जाक सरकार, एक ही व्यक्ति हैं? डॉ. मजूमदार ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने और पारदर्शी मतदाता सूची बनाने के लिए ऐसे मामलों की पहचान बेहद आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि यही वजह है कि तृणमूल कांग्रेस और उसकी विफल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एसआईआर प्रक्रिया का इतना विरोध कर रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को सीधे चुनौती देते हुए कहा कि चाहे ममता बनर्जी कितनी भी विरोध करें, राष्ट्रीय चुनाव आयोग यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी अवैध घुसपैठिया 2026 के विधानसभा चुनाव में वोट न डाल सके। राष्ट्रीय सुरक्षा और राज्य के वैध नागरिकों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित होकर रहेगी। अगर दम है तो ममता बनर्जी इसे रोककर दिखाएं।

## कसबा कांड: 58 दिनों में पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट, मनोजित मुख्य आरोपी

**कोलकाता :** कसबा लॉ कॉलेज सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए केवल 58 दिनों में चार्जशीट दाखिल कर दी। शनिवार को अलीपुर अदालत में 650 पन्नों की चार्जशीट पेश की गई, जिसमें मुख्य आरोपी के रूप में कॉलेज छात्र संगठन के पूर्व नेता मनोजित मिश्रा का नाम दर्ज है। उसके साथ तीन अन्य आरोपियों - प्रमित मुखोपाध्याय, जेब अहमद और कॉलेज के सुरक्षा गार्ड पिनाकी बंद्योपाध्याय को भी नामजद किया गया है।

चार्जशीट में गैंगरेप, जान से मारने की धमकी, ब्लैकमेलिंग और सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने इसमें 80 गवाहों के बयान, साथ ही डीएनए और फॉरेंसिक रिपोर्ट भी संलग्न की



है। गौरतलब है कि इस साल जून की शुरुआत में कसबा लॉ कॉलेज की एक छात्रा ने सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि मनोजित मिश्रा और उसके साथियों ने कॉलेज परिसर में उसके साथ दुष्कर्म किया, उस घटना का वीडियो रिकॉर्ड कर ब्लैकमेल करने की कोशिश की।

पुलिस ने घटना के तुरंत बाद सक्रियता दिखाते हुए जांच शुरू की और अब चार्जशीट दाखिल होने से पीड़िता और उसके परिवार को कुछ राहत मिली है।

## द कलकत्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन ने खेल टूर्नामेंट का किया भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतवर्ष के बिजली व्यवसायियों की सबसे बड़ी और प्राचीन संस्था द कलकत्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन (सीटा) ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए शनिवार को अपने कार्यालय में गरूणा आर. जी. कंसल्टेंट्स प्रायोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष जितेंद्र सुराणा (जीतू) के संबोधन से हुआ। प्रतियोगिताओं में कैरम, टेबल टेनिस, डार्ट और शतरंज जैसे खेल शामिल थे, जिनमें सदस्यों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया।

इस अवसर पर सचिव आलोक कुमार सिंह, सह-सचिव अविनाश वर्मा, कोषाध्यक्ष राज कुमार बरडिया, महिला विंग्स उपसमिति की



संयोजक राजश्री दत्ता, स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट उपसमिति के संयोजक धीरज सिंधी एवं उनके उप समिति के सदस्य आकाश सिंह, नवनीत मोहता, प्रवीण जैन, सौरभ सोमानी, मनीष चतुर्वेदी, खुशबू बैंगानी ने प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया। प्रतियोगिता में कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र बैद, चंद्रेश (रोमी भाई) मेघाणी, हेमंत बागड़ी, हेमंत बैंगानी, अरविंद तिवारी बाबा, जिनेश कुमार रामपुरीया, दिलीप कुमार मारोडीया, डॉ. मुकेश सिन्हा सहित पूर्व अध्यक्षों व सचिवों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। सीटा ने इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया कि संस्था केवल व्यापारिक गतिविधियों तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारियों को भी निभाती है।

## युवती के बयान पर हाई कोर्ट ने जेल में बंद उसके पति को रिहा करने का दिया निर्देश

- **दोनों ने सात साल पहले घर से भागकर कर ली थी शादी**
- **पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत युवक को किया था गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक युवती के बयान पर जेल में बंद उसके पति को रिहा करने का निर्देश दिया है। दोनों ने सात साल पहले घर से भागकर वाराणसी में शादी कर ली थी। उस समय युवती नाबालिग थी। सुनवाई के दौरान भरी अदालत में युवती ने कहा कि वह युवक से प्यार करती है। लेकिन उसे भागकर शादी करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि उसके परिवार ने उनके रिश्ते को स्वीकार नहीं किया। लड़की के परिवार की शिकायत पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया था। चार्जशीट में पुलिस ने दावा किया कि युवक ने यौन संबंध बनाने के लिए लड़की का अपहरण किया था। किशोरी को युवक के हाथों से छुड़ा लिया गया। लेकिन, युवती ने अदालत को बताया कि वह अपनी मर्जी से भागी थी। बल्कि, उसने ही युवक को भागने और उससे शादी करने के लिए मजबूर किया था। उसने धमकी भी दी कि अगर वह नहीं भागा तो वह आत्महत्या कर लेगी। युवती ने यह भी बताया कि पुलिस ने उसे नहीं बचाया। वह और उसके पति थाने गए। उस समय पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# एयर फोर्स स्टेशन कलाईकुंडा में 213वें पायलट कोर्स का वैलिडिक्टरी समारोह

**कोलकाता, समाज्ञा**

एयर फोर्स स्टेशन कलाईकुंडा में 213वें पायलट कोर्स का वैलिडिक्टरी समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एयर मार्शल सूरत सिंह, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, ईस्टर्न एयर कमांड, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्हें एयर कमोडोर सर्ताज सहगल, एयर ऑफिसर कमांडिंग, एयर फोर्स स्टेशन कलाईकुंडा ने स्वागत किया। समारोह का उद्देश्य हॉर्क विमान पर अधिकारियों की उड़ान प्रशिक्षण की सफलता का उत्सव मनाना था। यह प्रशिक्षण नव-निर्मित पायलटों को ऑपरेशनल फाइटर पायलट में परिवर्तित करने और भारतीय वायु




सेना के विभिन्न स्क्वाड्रनों में तैनाती के लिए तैयार करने के लिए आयोजित किया गया।

एयर मार्शल सुरत सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पायलटों को ट्रॉफी प्रदान की और उनके प्रशिक्षण की सफलता की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों से मिशन, ईमानदारी और उत्कृष्टता के मूल्यों को बनाए रखते हुए मानसिक और शारीरिक चुस्ती के उच्चतम मानक अपनाने का आग्रह किया।

## मोहन राकेश और बादल सरकार के जन्म शताब्दी वर्ष पर परिचर्चा आयोजित




**कोलकाता, समाज्ञा :** विद्यासागर कॉलेज, कोलकाता के हिंदी और बांग्ला विभाग ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वाशन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में मोहन राकेश और बादल सरकार के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर एक अंतर विभागीय परिचर्चा का आयोजन किया। 'मोहन राकेश और बादल सरकार: जन्म शताब्दी समारोह' विषय पर आयोजित इस परिचर्चा में कॉलेज के हिन्दी और बांग्ला के विभाग के प्राध्यापकों ने अपने विचार साझा किये। इस परिचर्चा में अध्यक्ष रहीं बांग्ला विभाग की वरिष्ठ प्रध्यापिका डॉ. सोहिनी घोष, संयोजक डॉ निर्मलेंदु मुखोति और शिक्षक परिषद सचिव डॉ. भास्वती चटर्जी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। स्वागत भाषण दिया बांग्ला विभाग की अध्यक्ष डॉ. संहिता कुंडू और संचालन का दायित्व डॉ. स्वागत भाद्रा और डॉ. अंजलि हाल्दार ने निभाया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुमन मजुमदार ने दिया।

## अमेजन इंडिया ने गणेश चतुर्थी के लिए लॉन्च किया विशेष स्टोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने गणेश चतुर्थी को ध्यान में रखते हुए विशेष स्टोर की शुरुआत की है। इस स्टोर में ग्राहकों के लिए पर्यावरण-अनुकूल मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं, पूजा सामग्री, सजावट, फैशन, मिठाइयां और कई त्योहार संबंधी आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई गई हैं। अमेजन का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों को टिकाऊ और पारंपरिक दोनों तरह के विकल्प उपलब्ध कराना है, जिससे त्योहार न केवल आनंददायक बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी बने। ग्राहक रुफुस, अमेजन के एआई-आधारित शॉपिंग असिस्टेंट, की मदद से व्यक्तिगत सुझाव और आसान खरीदारी अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। त्योहारी ऑफ़र्स के तहत ग्राहकों को सजावट और फैशन आइटम्स पर 80% तक, पूजा सामग्री पर 80% तक और मिठाइयों व गिफ्ट बॉक्स पर 60% तक की छूट दी जा रही है। इसके अलावा, अमेज़न कारिगर के हस्तनिर्मित आइटम्स और एलेक्सा-संचालित डिवाइसेस भी इस स्टोर का हिस्सा हैं।

## अमेजन बिजनेस ने 5 करोड़ एमएसएमई के लिए खोला डिजिटल खरीदारी का रास्ता

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन बिजनेस ने देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के लिए बड़ी पहल की है। अब उद्यम और एफएसएसएआई लाइसेंस धारक भी अमेजन बिजनेस पर साइन अप कर सकेंगे। यह विस्तार देश भर के 5 करोड़ से अधिक एमएसएमई, यानी कुल उद्यमों के लगभग 80 प्रतिशत को डिजिटल खरीदारी की सुविधा प्रदान करेगा। अमेजन बिजनेस के निदेशक मित्ररंजन भादुड़ी ने कहा कि छोटे कारोबारों की सबसे बड़ी चुनौती असंगत मूल्य और लंबी प्रक्रियाएं हैं। इस विस्तार से लाखों व्यवसायों को प्रामाणिक उत्पाद, थोक मूल्य, ब्याज-मुक्त क्रेडिट और डिजिटल खरीद के लाभ मिलेंगे। कृषि, फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और कपड़ा उद्योग जैसे क्षेत्रों के व्यवसाय अब अमेजन बिजनेस के माध्यम से आसान और किफायती तरीके से अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकेंगे। अमेजन पे लेटर के साथ साझेदारी में 30 दिन का ब्याज-मुक्त क्रेडिट भी उपलब्ध है, जिससे कारोबारी त्योहारी सीज़न की तैयारी के लिए नकदी प्रवाह को बेहतर ढंग से प्रबंधित कर पाएंगे।

## यस बैंक यूपीआई लेन-देन में 55.3% हिस्सेदारी के साथ देश में डिजिटल बैंकिंग के लिहाज़ से अग्रणी

**कोलकाता :** यस बैंक ने वित्त वर्ष '26 की पहली तिमाही के दौरान अपने डिजिटल नेतृत्व को मज़बूत करते हुए यूपीआई में प्राप्तकर्ता (पेयी) पीएसपी के रूप में 55.3% और भुगतानकर्ता (पेयर) पीएसपी के रूप में 33.3% बाज़ार हिस्सेदारी हासिल की है। बैंक आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) में भी शीर्ष पर है, जिसमें लगभग 30% लेन-देन और देश भर में 7.9 लाख से अधिक आउटलेट का एक सहयोगी नेटवर्क शामिल है, साथ ही एनईएफटी लेन-देन में इसकी हिस्सेदारी 24% है। यस बैंक के ट्रांज़ैक्शन बैंकिंग गवर्नमेंट, एमएनसी और न्यू इकोनॉमी बिज़नेस, आईबीयू और नॉलेज यूनिट्स कंट्री हेड, अजय राजन ने कहा, सभी के लिए वित्तीय समावेश और भारतीय बैंकिंग में लचीलापन लाना, हमारे व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा रहा है। हमारे डिजिटल प्लेटफॉर्म ने जो उपलब्धि हासिल की है, वह बड़े बदलाव का प्रमाण है।

## इस्लामपाड़ा हॉल्ट पर 22 लोकल ट्रेनों का ठहराव शुरू, लोगों में खुशी की लहर



**हुगली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोलकाता मेट्रो की येलो और ब्लू लाइन की नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के साथ ही हुगली जिले के लोगों के लिए भी शनिवार का दिन ऐतिहासिक बन गया। वर्षों से लंबित मांग पूरी करते हुए इस्लामपाड़ा हॉल्ट पर अब 22 लोकल ट्रेनों का ठहराव शुरू हो गया है। लंबे इंतजार के बाद इस सुविधा मिलने पर स्थानीय लोगों ने टिकट खरीदकर यात्रा की और एक-दूसरे को मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। हालांकि, यात्रियों ने स्टेशन पर शौचालय, शेड और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने की मांग उठाई है और इस संबंध में प्रधानमंत्री व रेल मंत्री को पत्र भेजने की बात भी कही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह ठहराव पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी, विधायक तपन दास गुप्ता समेत कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रयास से संभव हो पाया। उल्लेखनीय है कि इस स्टेशन का निर्माण कार्य 2012 में शुरू हुआ था और 2014 से कुछ ट्रेनों का ठहराव मिलने लगा था। लंबे आंदोलन और निरंतर मांग के बाद रेलवे ने फिलहाल तीन महीने के लिए अप और डाउन में कुल 25 ट्रेनों के ठहराव की घोषणा की है। रेलवे के इस फैसले से इलाके के लोगों में अपार उत्साह है।

# लगातार हो रही बारिश के कारण पूजा पंडालों के निर्माण की रफ्तार थमी

**कोलकाता :** बंगाल के कण कण में दुर्गोत्सव समाया है। लेकिन जिस तरह से लगातार कोलकाता सहित बंगाल में बारिश हो रही है इससे पूजा आयोजकों की चिंता बढ़ गई है। दुर्गापूजा से ठीक पहले मौसम की मार ने कोलकाता समेत पश्चिम बंगाल के कई जिलों में त्योहार की तैयारियों पर असर डाल दिया है। गंगीय पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के ऊपर बने चक्रवात से सोमवार को नया निम्न दबाव बनने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि यह इस साल बंगाल की खाड़ी में बना आठवां निम्न दबाव होगा। पिछले दो महीनों में हुई लगातार बारिश ने इस साल का नया रिकॉर्ड बनाया है। आंकड़ों के अनुसार, एक जून से 22 अगस्त तक कोलकाता में 1,135 मिलीमीटर और हावड़ा में 1,250 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय ने मछुआरों को शनिवार शाम तक समुद्र में न



जाने की सख्त चेतावनी दी है। बंगाल और ओडिशा तट पर मछुआरों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। भाद्र मास में जहां हर साल उमस और पसीने की गर्मी लोगों को बेहाल करती थी, वहीं इस बार लगभग रोज ही आसमान काला होकर झमाझम बारिश ला रहा है। इससे दुर्गा पूजा की तैयारियों पर असर पड़ा है। कुम्हारों को प्रतिमा बनाने में भारी कठिनाई झेलनी पड़ रही है, वहीं पंडाल निर्माण भी बाधित हो रहा है।। निम्न दबाव के असर से आज भी दक्षिण बंगाल के कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश हुई। बांकुड़ा, पुरुलिया, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, बीरभूम और दक्षिण 24 परगना में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, मुर्शिदाबाद, नदिया, पूर्व और पश्चिम बर्द्धमान, उत्तर और दक्षिण 24 परगना में भी तेज बारिश हो सकती है। बहरहाल अब सवाल उठ रहा है कि क्या दुर्गा पूजा में बारिश होगी? यह एक बड़ा सवाल है।

## बेलघरिया में काली पूजा से लौट रहे आर्ट टीचर पर हमला, एक महिला गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

बेलघरिया थाना इलाके में शनिवार के तड़के एक आर्ट टीचर पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में पीड़ित के बड़े भाई ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। बेलघरिया थाना क्षेत्र के निवासी शिकायतकर्ता रतन पॉल ने पुलिस को बताया कि इस दिन, सुबह करीब 6 बजे उनके छोटे भाई निर्मल पॉल (आर्ट टीचर) दो नंबर रेल गेट से काली पूजा संपन्न कर लौट रहे थे। उसी दौरान, कुछ अज्ञात लोगों ने जिनमें एक महिला भी शामिल थी, उनका विवाद हो गया। आरोप है कि इन लोगों ने मिलकर उन्हें बुरी तरह पीटा। शिकायत के आधार पर बेलघोरिया थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज जुटाए। फुटेज के आधार पर पुलिस ने मंदीरा मुखर्जी (25) को गिरफ्तार कर लिया है। वह निमता इलाके की निवासी है। साथ ही, अन्य आरोपितों की तलाश में छापेमारी जारी है। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपितों के नाम जॉय, अभय और पापाई हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि बाकी आरोपितों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## शराब पीने का विरोध करने पर कमरहट्टी में शिक्षक पर हमला



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के कमरहट्टी नगरपालिका के वार्ड 31 में शनिवार की सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। आरोप है कि शराब सेवन का विरोध करने पर स्थानीय शिक्षक निरुपम पाल को कुछ युवकों और युवतियों ने सड़क पर घेरकर बेरहमी से पीटा। घटना में शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सड़क किनारे कुछ युवक-युवतियां शराब पी रहे थे। जब शिक्षक निरुपम पाल ने इस पर आपत्ति जताई तो वे लोग आक्रोशित होकर उन पर हमला कर बैठे। पीड़ित शिक्षक ने बेलघरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को घटना से संबंधित एक सीसीटीवी फुटेज भी हाथ लगा है, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## समाजसेवी मुन्ना सिंह की स्मृति में मेगा रक्तदान शिविर आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय बिहारी समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व0 मनीन्द्र कुमार सिंह 'मुन्ना' की प्रथम पुण्यतिथि पर 1 नंबर वार्ड तृणमूल कांग्रेस के सहयोग से महा रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं समाज के उत्थान हेतु जरूरतमंदों में आवश्यक सामग्री वितरण (महिलाओं को सिलाई मशीन, साड़ी, छात्रों को स्कूल-बेग, आटा, यात्रा-सुरक्षा हेतु हेलमेट एवं विकलांगों को व्हील चेयर) किया गया। काशीपुर रोड इलाके में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया और स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। राष्ट्रीय बिहारी समाज की अध्यक्ष ममता सिंह ने कहा कि वह अपने पति के आदर्शों पर चल रही हैं। अपने पति का सपना पूरा करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा, मेरे पति हमेशा ही समाज की भलाई के लिए तत्पर रहते थे। इस अवसर पर प्रधान अतिथि विधायक व





केएमसी के उप मेयर अतीन घोष, भारतीय क्रिकेट टीम के वैभव अरोड़ा, विधायक विवेक गुप्ता, सुप्ति पांडे, एमएमआईसी तारक सिंह, पार्षद विजय उपाध्याय, अंजन पाल, अमर पाल, तरुण साहा, गोपाल साहा, हरिंद्र सिंह, राजेश सिन्हा, सचिन सिंह, कार्तिक मन्ना, सुमन सिंह, देविका चक्रवर्ती, सुब्रत बनर्जी, अनिंदो चौधरी, सागरिका बनर्जी, अनवर खान, आईपीएस जगमोहन एवं कल्याण भंज, ओसी काशीपुर सुदीप्त दास, समाजसेविका श्रेया पांडे, प्रियदर्शनी घोष समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अतिथियों में डॉ. हरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रणधीर सिंह, राजा बाबू सिंह, कृष्णा सिंह, मनोज सिंह आदर्श समेत कई अन्य मौजूद थे। समिति सदस्यों में सलाहकार अनवर खान, संचालक ममता सिंह, अंकुल सिंह, आकाश पांडे, अभिजीत ओझा, आशीष चौधरी, इमरान खान (वकील), एसके बिलाल उपस्थित थे।

**जायसवाल परिवार में शोक**

*नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।।*
*न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।*



जन्म : 21 अगस्त 1950 मृत्यु : 14 अगस्त 2025

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय श्री बिन्देश्वरी प्रसाद जायसवाल का सवर्गवास गुरूवार, 14 अगस्त 2025 को हो गया है।

बिरादरी भोजन हमारे निवास स्थान एफ.डी.-460, सॉल्टलेक सिटी (सेन्ट्रल पार्क नेताजी मूर्ति के नज़दीक) पर 27 अगस्त 2025, बुधवार को सायं 7.00 बजे होगा।

**शोकाकुल**

विशाल, विवेक, अभिषेक जायसवाल (सुपुत्र)
वेदांत, ओजस्विन, अतुलिल (पोत्र)
काव्या, आद्यांशी (पौत्री)

# पांचला में जमीन दिलाने के नाम पर 16 करोड़ रुपये की 'धोखाधड़ी', आरोपी गिरफ्तार



**हावड़ा, समाज्ञा :** जमीन दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति पर एक कंपनी से करीब 16 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप लगा है। गुरुवार को कंपनी की शिकायत के आधार पर पांचला थाने की पुलिस ने आरोपी आलोक भुइयां नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति को आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। आरोप है कि आलोक ने लॉजिस्टिक हब बनाने के लिए किसानों से जमीन लेकर कंपनी को मुहैया कराने के नाम पर उनसे करीब 16 करोड़ रुपये हड़प लिए। पता चला है कि कोलकाता की एक नामी कंपनी 'यूनिक सेल्स ऑर्गनाइजेशन' ने 2021 में हावड़ा के पांचला में लॉजिस्टिक हब बनाने की योजना बनाई थी। हब बनाने के लिए उन्होंने एक कंपनी के नाम पर एक गोदाम बनाने की योजना बनाई। इसके लिए कंपनी ने पांचला में 50 बीघा जमीन खरीदने का फैसला किया। 2021 में, कंपनी ने जमीन खरीदने के लिए पांचला निवासी आलोक भुइयां नाम के व्यक्ति से संपर्क किया। आलोक ने कंपनी से कहा कि वह किसानों से 4 लाख रुपये प्रति कट्ठा की दर से ज़मीन खरीदकर 'यूनिक सेल्स ऑर्गनाइज़ेशन' को देगा। उस हिसाब के अनुसार, आलोक ने कंपनी के साथ एक समझौता किया और संस्था ने आलोक को 12 करोड़ रुपये दिए। लेकिन, आरोप है कि 12 करोड़ रुपये लेने के बाद आलोक मुकर गया। उसने कहा कि 4 लाख रुपये नहीं, बल्कि 8 लाख रुपये प्रति कट्ठा लगेगा। इसके अनुसार, संस्था ने उसे 4 करोड़ रुपये और दिए। कुल मिलाकर आलोक को 16 करोड़ रुपये दिए गए। संस्था की ओर से उत्पल चौधरी ने आरोप लगाया कि आलोक ने पैसे लेकर सभी किसानों की जमीन अपने नाम पर दर्ज कर ली। इतना ही नहीं, 16 करोड़ रुपये लेने के बाद भी उसने संस्था को 50 बीघा जमीन नहीं सौंपी। इसके विपरीत, वह 2021 से साल-दर-साल इसे टालता जा रहा है। आखिरकार, संस्था के साथ धोखाधड़ी का एहसास होने पर, इसी साल 31 जुलाई को पांचला थाने में आलोक के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने जांच के बाद आलोक को गिरफ्तार कर लिया। घटना की जांच जारी है।

## गोलाबाड़ी में एक फ्लैट में वृद्ध की रहस्यमयी मौत, जांच में जुटी पुलिस



**हावड़ा, समाज्ञा :** उत्तर हावड़ा के गोलाबाड़ी थाना इलाके में शुक्रवार को एक वृद्ध की रहस्यमयी मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान असीम दे के रूप में की गई है। पता चला है कि पुलिस को मौके से चार कीमती सोने की अंगूठियां और एक मोबाइल फोन नहीं मिला है। सीसीटीवी में एक व्यक्ति फ्लैट में आते-जाते देखा गया। इससे रहस्य और गहराता जा रहा है। परिजनों को शक है कि वृद्ध की हत्या की गई होगी। पुलिस ने गहन जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि असीम दे गोलाबाड़ी थाना क्षेत्र में इंदिरा भवन में तीसरी मंजिल पर अपने फ्लैट में रहते थे। पारिवारिक सूत्रों का कहना है कि वह कभी-कभी अकेले रहते थे। परिवार वालों का कहना है कि शुक्रवार को असीम को बार-बार फोन किया जा रहा था। लेकिन, उनसे फोन पर संपर्क नहीं हो सका। उनका फोन बंद था। तभी, परिवार ने आवास के एक अन्य निवासी को जांच करने के लिए कहा। शिवकुमार शर्मा नाम का यह व्यक्ति सुबह करीब 10 बजे असीम के फ्लैट पर गया। जब वह गया तो उसने देखा कि दरवाजा गीला था। वह कमरे के अंदर पड़ा था। पता चला कि उसकी मौत हो गई है। खबर मिलने के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। गोलाबाड़ी थाने की पुलिस भी आई। शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिवार वालों का कहना है कि घर में सोने की 4 अंगूठियां थीं। वे नहीं मिल रही। मोबाइल फ़ोन भी नहीं मिला। एक व्यक्ति फ्लैट में घुसता हुआ दिखाई दिया। सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। हालांकि, उसकी पहचान नहीं हो पाई। वह फ्लैट में 2 घंटे से ज्यादा समय से था। इसलिए परिवार वालों को शक है कि बुजुर्ग की हत्या की गई होगी।

### वीवो ने 30वीं वर्षगांठ पर पहला मिक्स्ड रियलिटी हेडसेट और नई इमेजिंग रणनीति पेश की

**कोलकाता :** वीवो ने डोंगगुआन में आयोजित वीवो विज़न लॉन्च इवेंट और इमेजिंग ग्रैंड सेरेमनी में अपनी 30वीं वर्षगांठ मनाई। इस मौके पर कंपनी ने अपना पहला मिक्स्ड रियलिटी (एम आर) हेडसेट-वीवो विज़न डिस्कवरी एडिशन पेश किया। यह लॉन्च स्पैशियल कंप्यूटिंग और इमर्सिव टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में वीवो की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। वीवो के एग्ज़िक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, सीओओ और वीवो के सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रेसिडेंट हु बैशान ने कहा आज हम चांग'आन में हैं, वहीं जहां से वीवो का सपना शुरू हुआ था। हम यहां पुराने माइलस्टोन को दोहराने नहीं आए हैं, बल्कि यह देखने आए हैं कि वीवो ने किस तरह तीस साल की मेहनत और धैर्य से अपनी खुद की राह बनाई। यह राह तकनीक से प्रेरित जुनून की है, जिसकी जड़ें इंसानियत में हैं।

## 50 साल बाद घरों को मिलेगा स्थायी पता, हावड़ा निगम ने शुरू की बड़ी पहल

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा नगर निगम क्षेत्र के छह वार्डों में रहने वाले हजारों लोगों को अब स्थायी पता मिलने जा रहा है। पिछले कई दशकों से यहां के निवासियों के पास घर का कोई हाउस/होल्डिंग नंबर नहीं था। वे सिर्फ गली या इलाके का नाम लिखकर अपना पता बताते थे। अब निगम की पहल से उन्हें पक्का पता मिलेगा।

जानकारी के अनुसार, हावड़ा नगर निगम के कुल 50 वार्डों में से 45, 46, 47, 48, 49 और 50 नंबर वार्ड इस योजना के दायरे में आते हैं। ये इलाके दासनगर, बालीटिकुरी, कोना, जगाचा और धारसा के कुछ हिस्सों को कवर करते हैं।

नगर निगम ने 50 नंबर वार्ड से इस प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है।




निगम के कर्मचारी घर-घर जाकर फॉर्म बांट रहे हैं। फॉर्म भरने के बाद जरूरी प्रक्रिया पूरी करने पर संबंधित घरों को हाउस/होल्डिंग नंबर प्रदान किया जाएगा।

निगम सूत्रों ने बताया कि एक-एक करके बाकी पांच वार्डों में भी यह काम शुरू किया जाएगा और दुर्गा पूजा से पहले पूरी प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल से हजारों परिवारों को 50 साल बाद अपने घर का आधिकारिक पता मिल सकेगा।

# कालीघाट में डकैती की साजिश रचते पांच आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियों के पास से धारदार हथियार बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में पुलिस ने एक बड़ी डकैती की साजिश नाकाम कर दी। शुक्रवार की रात कालीघाट रोड से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। कालीघाट पुलिस ने उनके खिलाफ डकैती की साजिश समेत कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। बताया गया है कि शुक्रवार की रात गश्त के दौरान पुलिस को कालीघाट रोड की मुख्य सड़क के पास कुछ लोग जमा दिखाई दिए। इस पर, पुलिस को शक हुआ। जब उनसे पूछताछ की गई, तो वे कोई जवाब नहीं दे पाए। तलाशी लेने पर उनके पास से धारदार हथियार भी बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में आखिरकार वे टूट गए। उन्होंने बताया कि माहिम हलदर रोड स्थित एक सोने की दुकान में डकैती की योजना बनाई जा रही थी। इसके बाद, पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों के नाम गौर चंद्र शि, कृष्णा सरदार, सायन प्रमाणिक, सौमेन अधिकारी, पार्थ सिंह हैं। वे सभी पांच लोग दक्षिण 24 परगना के निवासी हैं। गिरफ्तार पांचों लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत डकैती के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या पांच लोगों का यह समूह डकैती की योजना बना रहा था या इसके पीछे कोई बड़ा मास्टरमाइंड था।



## भारती घोष ने महिला मोर्चा सम्मेलन में नहीं बुलाये जाने पर जताई नाराजगी

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व आईपीएस और भाजपा नेता भारती घोष ने अपनी ही पार्टी के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपना असंतोष सार्वजनिक किया। दरअसल, भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित 'नारी शक्ति सम्मेलन' में उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया। इसी मुद्दे को लेकर उन्होंने फेसबुक पोस्ट लिखते हुए नाराजगी व्यक्त की है। बता दें कि भारती घोष इस समय भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता भी हैं, बावजूद इसके बंगाल भाजपा नेतृत्व उन्हें अपेक्षित महत्व नहीं दे रहा है। अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा कि राष्ट्रीय पुस्तकालय में आयोजित इस सम्मेलन में उन्हें बुलाया तक नहीं गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शायद जानबूझकर उन्हें अलग-थलग करने की कोशिश हो रही है और इसके पीछे किसी अदृश्य शक्ति का हाथ हो सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से भी इस मुद्दे पर राय मांगी है। उनकी इस प्रतिक्रिया के बाद पार्टी के अंदर खलबली मच गई है। राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि भाजपा के भीतर पुराने और नए नेताओं के बीच खींचतान भी इस विवाद का एक कारण है।



## महानगर में चोरी के आरोप में 2 गिरफ्तार, नकद और मोबाइल बरामद

**कोलकाता :** महानगर में चोरी की दो बड़ी घटनाओं का पुलिस ने सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया है। गुप्त सूचना के आधार पर डिटेक्टिव डिपार्टमेंट ने अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की संपत्ति बरामद की है।

पहला मामला बड़ाबाजार थाने का है। 7 अगस्त को दोपहर करीब 2:10 से 2:20 बजे के बीच 1, हनुमान लेन के पास एक शख्स की साइड बैग से अज्ञात चोर ने 40,000 रुपये नकद उड़ा लिए थे।

मामले की जांच में जुटी पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर सफलता मिली और आज यानी 23 अगस्त को मोहम्मद वसीम (30), निवासी चमरसिंह लेन, थाना-नारकेलडांगा को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर 27,500 रुपये बरामद हुए, जो चोरी की रकम का हिस्सा है।







दूसरा मामला प्रगति मैदान थाने का है। 20 अगस्त को शाम करीब 5 बजे विज्ञान सिटी बस स्टॉप के पास, ई. एम. बाईपास पर बस यात्रा के दौरान एक अज्ञात चोर ने शिकायतकर्ता की जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने आज गुप्त सूचना के आधार पर मोहम्मद राशेद (30), निवासी कॉन्वेंट लेन, थाना- एंटाली को गिरफ्तार किया। उसकी तलाशी में चोरी किया गया मोबाइल फोन बरामद हुआ।

दोनों ही आरोपियों को कल 24 अगस्त को अदालत में पेश किया जाएगा और पुलिस उन्हें रिमांड पर लेने की कोशिश करेगी। इन गिरफ्तारियों से राजधानी में सक्रिय जेबकतरा गिरोह पर पुलिस की निगरानी और कड़ी होने की संभावना है।

## बारुईपुर में भाजपा नेता की हत्या से छिड़ा राजनीतिक विवाद, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में भाजपा के बूथ अध्यक्ष की हत्या के बाद शनिवार को राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। भाजपा ने दावा किया है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने बूथ अध्यक्ष पर हमला किया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि प्रथम दृष्टया यह पारिवारिक विवाद का मामला प्रतीत होता है और राजीव बिस्वास की हत्या के सिलसिले में उनके पिता और भाई को गिरफ्तार किया गया है। राजीव पर आठ अगस्त की रात को डंडों से हमला किया गया और कई बार चाकू मारा गया तथा अगले दिन अस्पताल में उनकी मौत हो गई। भाजपा नेता शंकुदेब पांडा ने आरोप लगाया कि इलाके में टीएमसी



कार्यकर्ताओं ने राजीव बिस्वास को निशाना बनाया और उनकी पिटाई की। पांडा ने आरोप लगाया कि बिस्वास के पिता और भाई दोनों टीएमसी के कार्यकर्ता थे और उन्होंने उसकी बहुत ही क्रूर तरीके से हत्या कर दी। उन्होंने घटना की केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने की मांग की। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस पार्षद अर्चना मलिक ने कहा कि यह एक पारिवारिक विवाद है और गिरफ्तार किए गए लोगों में से कोई भी सत्तारूढ़ पार्टी से संबंधित नहीं है।

## हिंगलगंज स्कूल बंद होने के कगार पर, एकमात्र शिक्षिका जल्द होंगी सेवानिवृत्त

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज के मामुदपुर इलाके में स्थित 20 नंबर नित्यानंद शिशु शिक्षा केंद्र में इस समय केवल एक ही शिक्षिका बची हैं। वह भी कुछ महीनों बाद सेवानिवृत्त होने वाली हैं। ऐसे में ग्रामीणों के बीच चिंता बढ़ गई है कि कहीं वर्षों पुराना यह स्कूल बंद न हो जाए। गौरतलब है कि स्थानीय बच्चों को दूर-दराज के स्कूल जाने की परेशानी से बचाने के लिए वर्ष 2003 में इस प्राथमिक विद्यालय की स्थापना हुई थी। शुरू में यहां तीन शिक्षिकाएं कार्यरत थीं और छात्रों की संख्या भी 80 से ऊपर थी लेकिन समय के साथ एक शिक्षिका का तबादला हो गया और इस साल अप्रैल में सड़क हादसे में दूसरी शिक्षिका की मौत हो गई। फिलहाल स्कूल की जिम्मेदारी एकमात्र शिक्षिका झरना चक्रवर्ती निभा रही हैं।

झरना चक्रवर्ती ने बताया कि यहां नर्सरी से चौथी कक्षा तक पढ़ाई होती है। लेकिन जब भी मुझे बैंक या सरकारी दफ्तरों के काम से बाहर जाना पड़ता है, तब पढ़ाई रुक जाती है। मैं 31 जनवरी 2026 को रिटायर हो जाऊंगी।

उसके बाद बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ेगा क्योंकि नजदीकी दूसरा स्कूल तीन मील दूर है और इतने छोटे बच्चे इतनी दूरी तय नहीं कर सकते हैं। वहीं, अभिभावकों का कहना है कि अकेली शिक्षिका की अनुपस्थिति में स्कूल बंद रहता है और बच्चों की पढ़ाई ठप हो जाती है। पहले 80-85 बच्चे थे, अब मुश्किल से 30-35 बचे हैं। अगर शिक्षक नहीं मिले तो स्कूल पूरी तरह बंद हो जाएगा।

इस स्थिति पर उत्तर 24 परगना जिला परिषद के शिक्षा कर्माध्यक्ष बुरहानुल मुक़द्दिम ने कहा है कि ऐसी समस्या कई जगह सामने आई है। सरकार और शिक्षा विभाग सक्रिय हैं। उम्मीद है जल्द समाधान होगा ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। ग्रामीणों की सबसे बड़ी मांग यही है कि स्कूल में जल्द नए शिक्षक नियुक्त किए जाएं। उनका कहना है कि अगर स्कूल बंद हुआ तो छोटे बच्चों का भविष्य अंधेरे में चला जाएगा।

### नेटफ्लिक्स का 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' स्वतंत्रता दिवस पर बन गया भव्य संगीतमय महफिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेटफ्लिक्स का 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के खास एपिसोड में एक भव्य संगीतमय महफिल बन गया। शो में मशहूर गायक विशाल ददलानी, शेखर रवजियानी, शान और नीति मोहन के साथ कपिल शर्मा और उनकी कॉमेडी टीम ने प्रस्तुति दी। शाम की शुरुआत देशभक्ति के सुरों से हुई, जब विशाल-शेखर ने 'वंदे मातरम' का भावपूर्ण गायन प्रस्तुत किया। शान ने 'सुनो ना' गाकर पुरानी यादें ताजा कीं, जबकि नीति मोहन ने 'तू है तो' गाकर रोमांटिक रंग भरा। हंसी का माहौल कपिल शर्मा और टीम के चुटकुलों और नकलों से और मजेदार बना, वहीं, सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा ने दर्शकों को खूब हंसाया। एपिसोड का अंत सुपरफैन सिमरन शर्मा, दृष्टिबाधित पेरिस पैरालिंपिक कांस्य पदक विजेता, के सम्मान के साथ हुआ।

## पर्युषण पर्व का चतुर्थ दिन वाणी संयम दिवस के रूप में मनाया गया

### जिह्वा संभली तो जीवन संभला - मुनि जिनेश कुमार

**कोलकाता, समाज्ञा**

युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री जिनेश कुमार जी ठाणा - 3 के सान्निध्य में पर्युषण पर्व का चतुर्थ दिन वाणी संयम दिवस के रूप में भिक्षु विहार में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कोलकत्ता-पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा आयोजित मुख्य प्रवचन कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर उप-स्थित धर्मसभा को संबोधित करते हुए जिनेश कुमार जी ने कहा - जीवन के क्रियाक्षेत्र को संचालित करनेवाले तीन तत्व है - मन, वचन, काया। मन से व्यक्ति सोचता है , वचन से बोलता है, काया से चेष्टा करता है। विचारों के आदान-प्रदान का साधन वचन है। वचन अनुपम शक्ति है। तारक और मारक दोनों होते है। एक वचन औषध का काम करती है तो एक वचन घाव का काम करती है। भाषा समिति व वचन गुप्ति दोनों भाषा के प्रकार है। विवेक पूर्व बोलना भाषा समिति और भाषा पर पूर्ण संयम करना वचन गुप्ति कहलाती हैं। भाषा की तीन कसौटियां है - सत्य , संयम व प्रियवचन। व्यक्ति हमेशा मीठा व मधुर बोले। अहंकार की भाषा का प्रयोग न करके सुझाव की भाषा ज़्यादा हितकर होती है। मुनि ने आगे कहा - पानी , मनी व वाणी का उपयोग सोचविचार करके करना चाहिए। वाणी की सभ्यता जीवन की भव्यता है। जिह्वा बिगड़ी तो जीवन बिगड़ा। अपमान की सर्जरी आपरेशन की सर्जरी से भी ज्यादा दुःखदायी होती है। मुनि ने मौन का महत्व बताते हुए कहा कि मौन का अर्थ है - वाणी का संयम व अनावश्यक नहीं बोलना। मौन से ऊर्जा का विकास होता है,विवाद नहीं होता है मौन साधना का प्रवेश द्वार। मौन से व्यक्ति निर्विचारता की स्थिति तक पंहुच सकता है। मुनि ने भगवान महावीर के जीवन दर्शन का वचन करते हुए अठारह भव त्रिपृष्ठ वासुदेव के बारे में बताया और कहा कर्मो की मार खतरनाक होती है। कर्म के कारण ही जीव जन्म-मरण करता है। इसलिए व्यक्ति कर्म करते हुए सावधान रहे। त्रिपृष्ठ वासुदेव ने शय्या पालक के शीशा डलवाया जिसके कारण उनको नरक में जाना पड़ा।

## गोयनका मंदिर कोलकाता धाम में भादो अमावस्या महोत्सव संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता धाम स्थित गोयनका दादी मंदिर में सती महापर्व भाद्रपद अमावस्या के अवसर पर त्रिदिवसीय महोत्सव का आयोजन श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति द्वारा किया गया। इस अवसर पर दादी का अलौकिक श्रृंगार कर अखंड ज्योति, छप्पन भोग और अन्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। उत्सव का शुभारंभ दादी जी की मेहंदी से हुआ, जिसमें गोयनका परिवार की बहू-बेटियों ने दादी के हाथों को मेहंदी से सजाया।

सरला पवन गोयनका द्वारा आयोजित महामंगल पाठ का गायन ऋचा कनोडिया ने किया। पाठ के मुख्य आकर्षण में दादी का गजरा एवं चुनरी उत्सव रहा। तत्पश्चात दादी जी का विधिवत महाअभिषेक दूध, दही, शहद और गुलाब जल से संपन्न हुआ, जबकि अलका आजाद



गोयनका ने 1008 जावा फूल, लौंग, इलायची एवं सूखे मेवों से पुष्पार्चन किया। शनिवार अमावस्या के दिन दादी जी के धोक पूजन हेतु प्रातः 6:00 बजे से ही दादी भक्तों की लंबी कतार लग गई जिसमें कोलकाता वासी समस्त गोयनका परिवारों ने दादी जी के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई, सायं 5:00 बजे से सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहक कमल कुमार गोयनका एवं राम मेहरा एवं अन्य भजन गायको द्वारा भजनों की सरिता प्रवाहित की गई जिसका सभी भक्तों ने अत्यंत झूम झूम कर आनंद उठाया। दादी की रसोई में सभी भक्तों ने स्वादिष्ट प्रसाद ग्रहण किया, सभी श्रद्धालुओं को दादी जी का महाप्रसाद वितरण कर उत्सव का समापन किया गया।

समिति के सभी सदस्यों द्वारा उत्सव को सफल बनाने हेतु अपना सक्रिय योगदान दिया, इस अवसर पर गोविंद राम गोयनका, प्रहलाद राय गोयनका, हनुमान प्रसाद गोयनका, संतोष गोयनका, संजय गोयनका (बेलूर) सुशील गोयनका (न्यू अलीपुर) कमल गोयनका, अभिनव गोयनका (आरबी डायगन-ोस्टिक) जितेंद्र गोयनका, विकास गोयनका, कमल गोयनका (हावड़ा) पवन गोयनका-अध्यक्ष, सुभाष चंद्र गोयनका-सचिव, कमल गोयनका-कोषाध्यक्ष, प्रमोद गोयनका, महेश गोयनका, पवन गोयनका पंचवटी, प्रदीप कुमार गोयनका, श्रवण गोयनका, निर्मल गोयनका, राम रतन गोयनका, शिवरतन गोयनका, विजय गोयनका, विपुल गोयनका अजय गोयनका आदित्य गोयनका, राजेंद्र गोयनका हेमा राजेश गोयनका, माधुरी सुभाष गोयनका, बीना प्रकाश गोयनका, रेनू, माया, शिखा, सीमा, प्रियंका, रूपा, विनीता, पूजा सुनीता गोयनका सहित परिवार एवं मारवाड़ी समाज के विशिष्ट अतिथिगण तथा स्थानीय अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति से भाद्रपद अमावस्या के इस महापर्व का आयोजन अत्यंत उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। यह जानकारी समिति के सचिव सुभाष चंद्र गोयनका ने दी।

## भादव अमावस्या पर नारायणी मंगल पाठ से गूंजा श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम, आज मनेगा नन्दोत्सव

**हावड़ा :** जन-जन की आस्था का केन्द्र श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम आज भादव अमावस्या महोत्सव पर माँ नारायणी श्री राणीसती दादीजी की भक्ति में डूबा रहा। इस अवसर पर शहर में दादी भक्तों की स्वनामधन्य संस्था ' नारायणी मंगल पाठ समिति, बांधाघाट ' की ओर से मंदिर प्रांगण में सुसज्जित मां नारायणी की नयनाभिराम झांकी के समक्ष सैकड़ों महिलाओं ने विजय शर्मा की अगुवाई में झुंझूनूवाली दादीजी की महिमा के गुणगान 'नारायणी मंगल पाठ' से पूरे मंदिर को दादीजी की भक्ति में रंग दिया। पाठ के मध्य दादीजी के जन्मोत्सव, मेंहदी उत्सव व गजरा उत्सव में दादी भक्तों का उत्साह चरम पर दिखा । महोत्सव का शुभारंभ मंदिर के प्रबंध न्यासी बिनोद टिबड़ेवाल सहित घुसुड़ीधाम परिवार के सुरेन्द्र अग्रवाल, पप्पू जमालपुरिया व समिति परिवार के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में दादी भक्त अमित गर्ग ने सपत्नीक दीप प्रज्वलित कर किया । आयोजन की सफलता में समिति परिवार के सुशील कानोड़िया, अभिषेक टिबड़ेवाल, रासबिहारी बूबना, नवीन मोर, उमंग झुनझुनवाला, वरुण बूबना, विजय अग्रवाल, नवीन कानोड़िया, नवीन गोयल, अमित गर्ग, आकाश अग्रवाल, अंकित गुप्ता, संदीप फतेहपुरिया विशेष रूप से



श्री श्याममंदिर घुसुड़ीधाम में सजे मां नारायणी श्री राणी सती जी के भव्य दरबार के समक्ष उपस्थित लोग

सक्रिय रहे। मंदिर के प्रबंध न्यासी बिनोद टिबड़ेवाल ने बताया कि सुबह मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही मंदिर में स्थित श्री राणीसती दादीजी, देवसर भवानी माता, श्री जीण भवानी माता और शाकंभरी माता जी के मंड पर धोक-जात, पूजन-अर्चन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और यह क्रम पूरे दिन चलता रहा। मंदिर के मिडिया प्रभारी सुरेश कुमार भुवालका ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि रविवार को घुसुड़ीधाम मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव के पश्चात आयोजित होने वाला नन्दोत्सव का विराट आयोजन रविवार 24 अगस्त को होगा जिसमें सायं 4 बजे से अनेक भजन प्रवाहकों द्वारा भजनों की अमृतवर्षा होगी।

## बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी की कोशिश नाकाम की, दुर्लभ जंगली बिल्ली को बचाया

**कोलकाता :** सीमा सुरक्षा बल ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया और एक दुर्लभ जंगली बिल्ली को बचाया। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया।

इसके अनुसार उम्मीद की जा रही है कि बचाया गया प्राणी अफ्रीकी सर्वल बिल्ली है।

बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर द्वारा जारी बयान के अनुसार, यह घटना 22 अगस्त की सुबह उस समय हुई जब नटना अग्रिम सीमा चौकी पर तैनात 56वीं बटालियन के जवानों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पांच से छह तस्करों की संदिग्ध गतिविधियां देखीं।

बयान में कहा गया है कि जवानों ने संदिग्ध तस्करों को चुनौती दी और उनकी ओर बढ़े। बीएसएफ कर्मियों को देखते ही तस्कर घने जंगल का फायदा उठाकर बांग्लादेश की ओर भाग गए।

इसके बाद बीएसएफ जवानों ने इलाके की तलाशी ली और एक लकड़ी का बक्सा जब्त किया जिसमें एक दुर्लभ जंगली बिल्ली (जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह अफ्रीकी सर्वल बिल्ली है) जीवित पाई गई।

बचाए गए प्राणी को वन विभाग को सौंप दिया गया।

दक्षिण बंगाल फ्रंटियर ने कहा, बीएसएफ कर्मियों की सतर्कता और समय पर की गयी कार्रवाई ने वन्यजीव तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया।

अधिकारियों ने कहा कि बिल्ली की सटीक प्रजाति की पुष्टि वन विभाग द्वारा की जाएगी।

## भारतीय भाषा परिषद बनी हिंदीतर प्रदेशों की श्रेष्ठ साहित्यिक संस्था, बिहार सरकार ने किया सम्मानित

**कोलकाता :** भारतीय भाषा परिषद को बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग द्वारा शनिवार को पटना के एक भव्य सम्मान समारोह में हिंदीतर प्रदेशों की श्रेष्ठ साहित्यिक संस्था के रूप में पुरस्कृत किया गया। विद्याकर कवि पुरस्कार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने परिषद के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित घनश्याम सुगला को अर्पित किया। इस अवसर पर सुगला को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र के अलावा एक लाख की सम्मान राशि भी प्रदान की गई।



भारतीय भाषा परिषद को समर्पित की गई प्रशस्ति में कहा गया है कि 1975 में कोलकाता में स्थापित भारतीय भाषा परिषद राष्ट्रीय अखंडता, बहुलतावादी संस्कृति और सभी भारतीय भाषाओं की सृजनशीलता को प्रोत्साहित करनेवाली एक महत्वपूर्ण संस्था है। परिषद की अध्यक्ष डॉ.कुसुम खेमानी ने बिहार सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा भारतीय भाषा परिषद को सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि परिषद को मिला यह सम्मान पश्चिम बंगाल के हिंदी संसार को मिला सम्मान है। परिषद इसी प्रकार हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के साहित्यिक क्षितिज का विस्तार करती रहेगी। 50 सालों की अर्थपूर्ण यात्रा के लिए श्रीमती खेमानी ने परिषद के ट्रस्टीगण, पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, कार्मिकों तथा समस्त शुभचिंतकों को बधाई दी।

# दिलकुशा कोठी, लखनऊ

## हमारी अनजानी धरोहर 79



डॉ. एस. के. सैनी

दिलकुशा क्षेत्र का निर्माण लखनऊ के तत्कालीन नवाब सआदत अली खान के द्वारा 1780 के लगभग किया गया। यह प्रारंभ में एक शिकार गाह के रूप में विकसित की गई थी क्योंकि क्षेत्र जंगली जानवरों से भरा हुआ था और प्रकृति की मनोरम सुंदरता थी।

दिलकुशा कोठी का निर्माण 1800 में ब्रिटिश रेजिडेन्ट मेजर गौरे औसले के द्वारा किया गया।वह अवध के तत्कालीन नवाब सआदत अली खान के मित्र थे।

दिलकुशा कोठी के निर्माण के पश्चात इस क्षेत्र में अन्य शिकार गाहों का और भवनो का निर्माण भी शुरू हुआ बाद में नवाबी राज चले जाने के बाद यह क्षेत्र ब्रिटिश अधिकारियों के द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया।

यह उनके आधिकारिक निवास के रूप में प्रयुक्त होने लगा।

1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के समय भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों ने दिलकुशा कोठी क्षेत्र पर आक्रमण करके वहां पर रह रहे अंग्रेज परिवारों को बंधक बना लिया। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई सारे अंग्रेजों का वध भी कर दिया गया



और उनकी महिला और परिवारों को बंधक बना दिया। बाद में अंग्रेजों द्वारा इस क्षेत्र को वापस ले लिया गया किंतु उसे भीषण रक्तपात की भी दिलकुशा कोठी गवाह है।

दिलकुशा कोठी क्षेत्र में जैसा कि प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं यहां पर प्रेम में असफल रहकर जान देने वाली आत्माओं का भी विचरण स्थल रहा है। कई बार गर्मियों में सोने स्थान में कराह और हँसने की आवाज आती है कभी रात्रि में रुदन की आवाज आती है और कभी गिरने की आवाज आती है किंतु कोई दिखाई नहीं देता। यह अपने आप में रात्रि मे रहस्यमई स्थल हो जाता है। स्थानीय लोगों द्वारा दिलकुशा कोठी क्षेत्र को भुतहा क्षेत्र घोषित कर दिया गया है।

# मुस्कुराते गुब्बारे



डॉ.मंजरी शुक्ला

देखो मुझे, क्या मैं अपनी नई सफेद फ्रॉक में सुंदर नहीं लग रही हूँ? इसके फ्रिल्स पर चमकते हुए सफेद मोती भी लगे हैं। सात साल की प्यारी सी निक्कू ने पिंटू से कहा।

नहीं, मेरी खूबसूरत पीली शर्ट सबसे अच्छी है। पिंटू ने निक्कू की ड्रेस को देखकर मुँह बनाते हुए कहा।

अब मैं मम्मी से शिकायत करूँगी। निक्कू गुस्से में बोली।

फिर भी तुम्हारी फ्रॉक हमेशा की तरह बदसूरत ही रहेगी... हा हा हा। पिंटू जोर से हँसा और अपनी टॉफ़ी चबाने लगा।

निक्कू का चेहरा गुस्से से लाल हो गया और वह ज़ोर-ज़ोर से रोने लगी मैंने तुम्हारी जैसी गंदी पीली शर्ट कभी नहीं देखी।

और मैं तुमसे कभी बात नहीं करूँगी। निक्कू ने कहा और उससे दूर जाने लगी।



उसी समय वहाँ पर गुब्बारे बेचने वाला आ गया।

उसके पास पीले और सफेद रंग के गुब्बारे थे, जो ठंडी हवा में आगे-पीछे झूल रहे थे और बेहद सुंदर लग रहे थे।

निक्कू खुशी से उछल पड़ी और बोली- मुझे दो गुब्बारे दीजिए।

गुब्बारेवाले ने पिंटू से पूछा- और तुम्हें कितने गुब्बारे चाहिए?

एक भी नहीं। पिंटू ने कहा।

निक्कू गुब्बारों को लालच भरी नज़रों से देख रही थी।

यह सुनकर गुब्बारेवाला मुस्कुराया और बोला- ये गुब्बारे तो बिल्कुल वैसे ही लग रहे हैं जैसे तुम दोनों के कपड़े, सफेद और पीले।

पिंटू और निक्कू ने अब ध्यान से गुब्बारों को देखा और फिर हैरानी से एक-दूसरे को।

दोनों खिलखिलाकर हंस पड़े। निक्कू ने पिंटू के हाथ से दोनों गुब्बारों की डोरी खींच ली और हँसते हुए घर की ओर दौड़ पड़ी।

# समय के संग चलता शिक्षक



त्रिलोक नाथ पांडेय

प्रभात की सुनहरी किरणें जब विद्यालय के आँगन को छूतीं, तो ओस की चमकती बूँदें मानो छोटे-छोटे दीपक बनकर धरती को आलोकित करने लगतीं।

चिड़ियों का कलरव और बच्चों की खिलखिलाहट मिलकर वातावरण में ऐसा मधुर संगीत रचते मानो स्वयं सरस्वती वहाँ विराजमान हों।

इसी पवित्र लय के बीच धीरे-धीरे कदम बढ़ाते कक्षा में प्रवेश करते हैं- सुधांशु सर।

उनकी आँखों में ज्ञान की गहराई, स्वर में मधुरता और चाल में सादगी की गूँज थी।

ना कोई बनावटी चमक, ना आडंबर-बस आत्मीयता की शीतल छाया।

जब बच्चे उनकी ओर देखते, तो लगता मानो ज्ञान का एक दीपक कक्षा में स्वयं उतर आया हो।

वर्षों तक उन्होंने ब्लैकबोर्ड पर सपनों को आकार दिया।

इतिहास उनकी जुबान पर जीवंत हो उठता, गणित कविता-सा सरल बन जाता, और साहित्य जीवन का आईना।

उनकी अभिव्यक्ति इतनी सजीव थी कि विद्यार्थी स्वयं को उस युग का हिस्सा मान बैठते, जिसके बारे में वे बताते।

परंतु समय की करवट ने नई चुनौतियाँ रख दीं।

किताबें अब स्क्रीन पर थीं, पन्ने टैबलेट में, और सवाल आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस पर।

सुधांशु सर के मन में एक प्रश्न गूंजता-

क्या मेरी पुरानी शैली अब अप्रासंगिक हो जाएगी?

क्या तकनीक बच्चों को मुझसे दूर कर देगी?

तभी एक दिन बच्चों ने कहा-

सर, स्मार्ट बोर्ड की चमक आँखों को भा सकती है,

अब उनकी कक्षा में ब्लैकबोर्ड की स्याही और डिजिटल स्क्रीन की चमक-

दोनों मिलकर शिक्षा का इंद्रधनुष रचते।

वे बच्चों से कहते-

नई विधियाँ साधन हैं, लक्ष्य नहीं।

लक्ष्य है चरित्र, सृजनशीलता और मानवता।

एक दिन उन्होंने बच्चों से कहा-

ज्ञान तुम्हें ऊँचाइयाँ देगा,

पर चरित्र तुम्हें आकाश बनाएगा।

सफलता क्षणिक है, पर सम्मान शाश्वत।

बच्चों की तालियों की गड़गड़ाहट गूँज उठी।



पर आपकी आवाज़ का उजाला दिल में घर कर जाता है।

आपकी समझाई बातें ही तो हमारे लिए असली राह हैं।

उन मासूम शब्दों में जैसे अमृत टपक रहा था।

सुधांशु सर ने अनुभव किया-

तकनीक बदलती है, पर आत्मीयता शाश्वत है।

उन्होंने संकल्प लिया-

मैं तकनीक से डरूँगा नहीं, उसे अपनाऊँगा।

पर याद रखूँगा, शिक्षा की आत्मा केवल मानवीय संवेदना में ही बसती है।

उनकी आँखों में गर्व और दिलों में विश्वास भर गया।

सुधांशु सर की साधारण वेशभूषा अनुशासन की गंभीरता का प्रतीक थी,

उनके स्वर में कोमलता और व्यक्तित्व में दृढ़ता का संगम।

वे भली-भाँति जानते थे-

शिक्षण केवल पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन की रचना है।

और इस प्रकार, समय के साथ चलते हुए भी, वे हर पल यह सिखाते रहे कि

शिक्षक का कार्य केवल ज्ञान देना नहीं,

बल्कि मनुष्य को मनुष्य बनाना है।

# फ्रिज की उपेक्षा न करें



ललिता वर्मा

गर्मियों के मौसम में फ्रिज एक आवश्यकता बन जाती है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सर्दियों में इसकी आवश्यकता ही नहीं होती। फ्रिज आजकल हर परिवार में पाया जाता है। कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनका फ्रिज सालों साल तक चमकता रहता है, वहीं कुछ लोग ऐसी प्रवृत्ति के होते हैं जिनका फ्रिज मात्रा 6 महीने में ही 8-10 साल पुराना लगने लगता है। वे अपने फ्रिज को एक अलमारी की तरह इस्तेमाल करते हैं।

यही हाल है मीनाक्षी का। मीनाक्षी का फ्रिज जब चाहो तब देख लो, हमेशा लबालब भरा ही रहता है। उसमें हफ्तों पुराना सामान भी देखने को मिल ही जाता है। मीनाक्षी कहती है, 'क्या करूं, घर में सामान ही इतना इस्तेमाल होता है। हम दो हफ्ते की सब्जी एक ही बार लाकर फ्रिज में रख देते हैं।' वह यह बात भूल जाती है कि फ्रिज का काम होता है किसी भी खाने योग्य सामग्री को चौबीस घंटों से एक सप्ताह तक खाने योग्य बनाना न कि महीनों तक उसे तर-ोताजा रखना।

दूसरी ओर सीमा है। उसका फ्रिज आये मात्रा एक ही वर्ष हुआ है लेकिन जब तब उसका फ्रिज ठीक होने जाता रहता हैं। उसके फ्रिज की हालत देखकर कोई यह अंदाजा नहीं लगा पाता कि उसे आए मात्रा 1 वर्ष ही हुआ है। एक दिन फ्रिज वाले ने भी तंग आ उससे कहा, - मैडम क्या बात है? आप अपने फ्रिज का ठीक से ध्यान क्यों नहीं रखती। उस पर सीमा चुपचाप खड़ी रही। तब दुकानदार ने उन्हें फ्रिज संबंधी कुछ जानकारी दी जो इस प्रकार हैः-

- ❊ फ्रिज को खोलते समय ध्यान रखें कि उसके एवं दीवार के मध्य कम से कम छह इंच की दूरी हो। फ्रिज के पिछले भाग में मशीन होने के कारण उसे उचित दूरी चाहिए क्योंकि उसे ठंडा होने के लिए हवा की आवश्यकता होती है।
- ❊ फ्रिज को चौकी पर ही रखें और बच्चों को फ्रिज के साथ छेड़छाड़ न करने दें। फ्रिज भी आखिर मशीन है। छेड़छाड़ करने से खराब होने का खतरा रहता है।
- ❊ जहां तक हो सके, फ्रिज को भोजन के कमरे में ही रखें क्योंकि रसोईघर में होने से गैस या अंगीठी के कारण जो गर्मी होती है वह फ्रिज खोलते समय उसमें प्रवेश कर जाती है, अतः फ्रिज को पुनः ठण्डा होने के लिए दोबारा मेहनत करनी पड़ती है।
- ❊ बिना जरूरत के फ्रिज के रेग्युलेटर को न घुमाएं। जब फ्रिज में अत्यधिक सामग्री रखी हो तो उसे बढ़ा दें अन्यथा तीन या चार नम्बर तक फ्रिज ठीक रहता है।
- ❊ फ्रिज में गर्म-गर्म सामग्री न रखें। दूध उबालने के पश्चात् ठण्डा होने पर ही फ्रिज में रखें। तीखी और तेज महक वाले पदार्थ जैसे प्याज, पोदीना, खरबूजा आदि फ्रिज में न रखें।
- ❊ फ्रिज की सफाई सप्ताह में एक बार अवश्य करें।

ये बातें यदि आप ध्यान रखेंगी तो आप अपने फ्रिज को सालों साल इस्तेमाल कर सकती हैं। सर्दियों में भी फ्रिज का पूरा ध्यान रखें। तापमान में ठण्डक होने के कारण रेग्युलेटर को 1 पर ही रखें। इतनी ठण्डक पर्याप्त होती है। कुछ लोग सर्दियों में फ्रिज बंद करने की सोचते हैं जो ठीक नहीं है। (उर्वशी)

# चेहरे की सुंदरता को निखारता है हेयर स्टाइल

पूनम दिनकर

जब हम फैशन की बात करते हैं तो सबसे पहले वैज्ञानिक रूप से निर्जीव कोशिकाओं से बनी जीवन सौन्दर्य की प्रतीक जुल्फों का ध्यान ही आता है। खूबसूरत घने, चमकदार बाल और चेहरे के अनुरूप इनकी सज्जा संपूर्ण व्यक्तित्व का आइना है, या यूं कहें कि हेयर स्टाइल बदलकर समूचे व्यक्तित्व को एक नया आयाम दिया जा सकता है।

नवयुवतियों को आमतौर पर नवीनतम प्रचलित हेयर स्टाइल की जानकारी तो होती है किंतु उन्हें यह नहीं पता होता कि लेटेस्ट स्टाइल उनके चेहरे के अनुरूप है या नहीं? या फिर बालों की कौन-सी लट को किस तरह सजाया जाये कि उनकी सुन्दरता में चार-चांद लग जायें। ब्यूटीपार्लरों में भी कई हेयर डेक्रसरों को इतनी फुर्सत नहीं होती है कि चेहरे के अनुसार केश विन्यास की पूरी जानकारी युवतियों को दें।

यह तो विदित ही है कि हर चेहरा एक-सा नहीं होता, इसीलिए हर चेहरे पर एक ही तरह का हेयर स्टाइल अच्छा नहीं लगता। अतः जरूरी है कि ब्यूटी पार्लर जाने से पहले किसी हीरोइन या मॉडल की लेटेस्ट केश सज्जा अपनाने से पहले यह जान लिया जाये कि वह स्टाइल हमारे चेहरे के अनुरूप है या नहीं?

इसके लिए सबसे पहले यह आवश्यक है कि आप अपने चेहरे के आकार का अंदाजा लगायें। आपका चेहरा चौकोर, लम्बा, गोल या अंडाकार किस आकृति का है। अगर आप इसका अंदाज सहजता से नहीं लगा सकती तो इसके लिए एक आसान तरीका यह है कि बालों को पीछे की तरफ ले जायें। आइने के सामने सीधी खड़ी हों, चेहरे को शीशे के सामने रखें और लिपस्टिक से अपने चेहरे की आउट लाइन शीशे पर बनायें। आप अपने चेहरे का आकार निर्धारित करने में सफल होंगी।

अगर आपका चेहरा चौकोर है तो चौकोर चेहरे के कोणदार जबड़े और चौड़े माथे को सही आकार देने के लिए लंबे बालों वाली, कई लेयरों में विभाजित हेयर स्टाइल अपनायें। इसमें यह ध्यान रखें कि इन लेयरों में कम अंतर हो तथा प्रत्येक लेयर (स्तर) में हल्के लहरदार घूंघर (कर्ल) हों। इससे चौड़े चेहरे के कोण नजर नहीं आयेंगे।

मांग हमेशा किनारे से ही निकालें। बालों को लहरदार जरूर रखें। छोटे कटे बाल चेहरे पर झुकेंगे जिससे चेहरे के कोण कम दिखेंगे। चौड़े चेहरे वाली महिलाओं को ज्यामितीय आकार की कटिंग से बचना चाहिए क्योंकि यह कटिंग चेहरे के चौखुटेपन को और उभारती है। सीधी मांग, बराबर कटे लम्बे बाल या ज्यादा घुंघराले बालों वाली केश सज्जा से चौकोर चेहरे वाली महिलाओं को बचना चाहिए।

गोल चेहरे में चेहरे की लंबाई और चौड़ाई बराबर होती है। गोल चेहरे में छोटी लहरों वाली हेयर स्टाइल अच्छी लगती है। छोटी लहरें चेहरे पर लटकती हैं, जिससे चेहरे की गोलाई कुछ कम दिखती है। छोटे बालों में चेहरा थोड़ा पतला भी दिखेगा। गोल चेहरे वाली महिलाओं को घुंघराले बालों के हेयर स्टाइल से बचना चाहिए क्योंकि इससे चेहरे का गोलापन और उभरता है।

अंडाकार चेहरे पर हर किस्म का हेयर स्टाइल अच्छा लगता है। इन दिनों प्रचलित छोटे बालों में लेज़र कट या शार्टग्रेजुएट कटिंग अंडाकार चेहरे पर हू-ब-हू फबती है। लम्बे चेहरे में लंबा माथा और लंबी ठुड्डी की समस्या होती है। चेहरे को चौड़ा दिखाने की दरकार होती है। छोटे कई लेयर में विभाजित बॉबकट जहां निचले हिस्से में घनी लहरें हों, लम्बे चेहरे के अनुकूल है।

ब्यूटी सैलूनों में अमूमन ब्लंट कटिंग, क्लीपर, ग्रेजुएटेड हेयर लेयरिंग, स्लाइड कटिंग, रेजर कटिंग,



कीनिंग आदि तरीकों से भिन्न हेयर स्टाइलों को आकार दिया जाता है। छोटे ब्लंट और क्लीपर स्टाइल स्कूल जाने वाली लड़कियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। ब्लंट में एक सीध में बाल कटे होते हैं जबकि क्लीपर में गर्दन के पास काफी छोटे बाल रखे जाते हैं। मशरूम कट इन्हीं स्टाइलों का एक नमूना है जबकि स्टेप कट की थ्री स्टेप या फाइव स्टेप कटिंग में स्लाइड कटिंग और लेयरिंग तकनीक अपनायी जाती है।

इस तरह भिन्न-भिन्न तकनीकों का चेहरे की सुन्दरता को द्विगुणित करने में इस्तेमाल होना चाहिए न कि फैशन की अंधी दौड़ में प्रतिकूल हेयर कटिंग से चेहरे की खूबसूरती बिगाड़ने में। चेहरे की चांदनी को मनमोहक बनाने में बाल रूपी बादलों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है इसीलिए अपने चेहरे के अनुकूल ही आपके हेयर स्टाइल का होना आवश्यक है। (उर्वशी)

# साल भर मनाते रहें हनीमून



भाषणा गुप्ता

शादी के बाद हनीमून मनाने का प्रचलन आम हो गया है। यह आवश्यक भी है क्योंकि इससे नवदंपतियों को एक-दूसरे को करीब से देखने का सुनहरा मौका मिलता है। वे जिंदगी भर हनीमून के दौरान बिताए पलों को याद कर सुखद आनन्द की अनुभूति से भाव विभोर होते रहते हैं।

यही वह समय होता है जब वे घर-परिवार के दायित्वों व हर बंधन से मुक्त होकर खुले आकाश में उड़ते पक्षियों की तरह विचरण करते हैं। वे इन क्षणों को भरपूर जीते हुए एक-दूसरे में खोए रहते हैं। सचमुच कितने हसीन होते हैं वे लम्हें।

मगर आजकल हनीमून भी महज एक रिवाज व दिखावे का प्रतीक बनता जा रहा है। नवविवाहित जोड़े औपचारिकतावश कुछ दिनों के लिए घूमने जाते हैं, थोड़ी मौज मस्ती करते हैं, परिवारजनों के लिए कुछ वस्तुएं खरीद कर लौट आते हैं व वहां से लौटने के बाद पति ऑफिस या बिजनेस में और पत्नी घरेलू जिम्मेदारियों में इस कदर खो जाती है कि उन्हें अहसास ही नहीं रहता कि वे नवविवाहित हैं।

छोटी-छोटी बातों पर उनमें तकरार होने लगती है। प्रेम और मस्ती का वो आलम कहीं गुम सा हो जाता है। कई जोड़े तो हनीमून को बड़े घिसे-पिटे अंदाज में मनाते हैं।

वर्णन की आर्थिक स्थिति अधिक मजबूत नहीं थी। उधर सौम्या भी मध्यमवर्गीय परिवार से आई थी इसलिए उन दोनों में आर्थिक समस्याओं को सुलझाने की अच्छी समझ थी इसलिए वे हनीमून मनाने कहीं बाहर नहीं गए। हां, घर रहकर कम खर्च में ही उन्होंने हनीमून का पूरा-पूरा लुत्फ उठाया।

जब वर्णन ऑफिस जाता तो सौम्या उसकी पसंद का खाना बनाती, अपने हाथों से वर्णन को तैयार करती व खुद भी उसकी पसंद के अनुरूप तैयार होती। शाम को जब वह घर लौटता तो मीठी मुस्कान व स्वादिष्ट चाय नाश्ते से उसका स्वागत करती।

वर्णन के घर लौटने से रात को बिस्तर तक जाने के बीच वे एक-दूसरे से चुहलबाजी करते रहते। सुबह उन दोनों में से जो भी पहले उठता, दूसरे को चुम्बनों की बौछार से जगाता।

छुट्टी वाले दिन पूरा समय वे कहीं बाहर घूमने जाते या फिर अपने मित्रों को बुलाते व मिलकर एन्जॉय करते।

शादी के एक साल बाद तक भी वे दोनों तरोताजा रहते हैं। उन्हें अहसास ही नहीं होता कि वे हनीमून मनाने कहीं नहीं गए।

वर्णन व सौम्या का उदाहरण अनेक नवविवाहित जोड़ों के लिए प्रेरणा1ोत है। एक-दूसरे की पसंद-नापसंद, रूचियों आदि को समझना, भरपूर प्यार व सम्मान देना व मस्ती से ओतप्रोत हुए रहना ही हनीमून का वास्तविक अर्थ है।

नवविवाहित जोड़ों को यह ध्यान में रखना चाहिए कि शादी के तुरंत बाद का समय उनके लिए एक सुनहरा अवसर होता है। मात्रा 8-10 दिनों के हनीमून के बाद खुद को पुराने दंपतियों की सूची में शामिल नहीं करना चाहिए बल्कि वर्णन व सौम्या की तरह एक-एक क्षण को पूरी तरह भोगना चाहिए ताकि साल भर बाद भी आपका वैवाहिक जीवन मस्ती व आनंद के आलम से सराबोर रहे। (उर्वशी)

# आपकी बेटी भी उम्र में बड़ी हो रही है तो...

चेतन चौहान

यह ठीक है कि लड़की के माता-पिता अपने बराबर के या फिर कहीं उच्च स्तर व आय वाले युवक से अपनी लड़की का रिश्ता जोड़ना चाहते हैं ताकि उनकी लड़की किसी अच्छे खानदान की पुत्रावधू बन कर सुखी रहे लेकिन घर-बार, स्टैन्डर्ड, स्मार्टनेस, आय, आर्थिक स्थिति, जोग-संजोग सब एक साथ नहीं मिल पाते हैं। कहीं न कहीं तो परिस्थितियों से समझौता करना ही पड़ता है।

आजकल हर घर परिवार में लोग अपनी लड़कियों को पढ़ा लिखा कर उन्हें अपने पांवों पर खड़ा करने में लगे हैं, चूँकि जमाना ही कुछ ऐसा है। पता नहीं दोनों के दांपत्य जीवन में कब-खटास पैदा होने लगे लेकिन हर माता-पिता जो इस संबंध में सकारात्मक सोच रखते हैं, उन्हें अपनी जवां होती बेटी की उम्र के प्रति भी गंभीर होने की नितांत आवश्यकता है। केवल जोड़ का वर, ऑफिसर, इंजीनियर, डाक्टर व उच्च अधिकारियों के चक्कर में ही पड़कर जवान बेटी के अरमानों का गला घोंटने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

अच्छा तो यही है कि जो माता-पिता व भाई अपने परिवार में अपनी जवान होती बेटी, बहन के प्रति ऐसे ख्वाब देख रहे हैं, उन्हें यह बात दिमाग से निकालनी होगी। कोई गारंटी नहीं है कि आफिसर के साथ ब्याही आपकी बेटी सुखी ही रहेगी। कई बार साधारण परिवारों में मामूली क्लर्क या अध्यापक के साथ परिणय-सूत्रों में बंधी लड़कियां काफी खुश नजर आती है जहां उनके मान-सम्मान में कोई कमी नहीं और पति का भरपूर प्यार भी उन्हें मिलता है।

वर्तमान परिस्थितियां जबकि समय चक्र-तेजी से बदल रहा है व आप भी किसी जवां होती बेटी के माता-पिता अथवा बहन के भाई हों तो दृढ़ निश्चयी व पूरे आत्मविश्वास व कृत संकलप के साथ लड़की की भावनाओं को समझें, व ईश्वर पर भरोसा कर उसे दांपत्य जीवन का सुख भोगने का अवसर प्रदान कर, समाज व परिवार में आदर्श उदाहरण जिम्मेदारीपूर्वक प्रस्तुत करें।

इससे न केवल आपकी जिम्मेदारी पूरी होगी, बल्कि लड़की की सुखद भावनाएं व अपनत्व भी आपके साथ रहेगा। उसे लगेगा कि मेरे परिवार ने अपना फर्ज पूरी तरह से निभाया है व लोगों को उपहास उड़ाने का कोई मौका नहीं दिया है। (उर्वशी)

## रेसिपी कार्नर

# पिज़्ज़ा




शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे पिज्जा खाना पसंद न हो। चाहे बच्चों की बात करें या फिर बड़ों की, किसी भी उम्र के लोग पिज्जा खाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। पर, कई बार बाजार का ज्यादा पिज्जा खाना शरीर के लिए काफी नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसीलिए महिलाएं कोशिश करती हैं कि वो घर पर ही पिज्जा बनाकर अपने परिवार को परोसें।

जिनके घर पर ओवन है, उनके लिए पिज्जा बनाना आसान है, लेकिन जिनके पास ओवन नहीं है, वो घर पर पिज्जा नहीं बना पाते। इसी के चलते हम आपको बिना ओवन के पिज्जा बनाने की रेसिपी बताएंगे, ताकि आप भी घर पर स्वादिष्ट और हेल्दी पिज्जा बना सकें।

### पिज्जा बेस बनाने का सामान

मैदा - 1 कप
यीस्ट - 1/2 टीस्पून
चीनी - 1/2 टीस्पून
नमक - स्वादानुसार
दूध - आटा गूंथने के लिए
तेल - 1 टेबलस्पून

ये टॉपिंग्स आएंगी काम



### पिज्जा सॉस

कटा हुआ प्याज, शिमला मिर्च, टमाटर, कॉर्न, ऑलिव ( बच्चों की पसंद का ध्यान रखते हुए)

मोजरेला चीज

चिली फ्लेक्स, मिक्स हर्ब्स

सबसे पहले तैयार करें बेस

पिज्जा का बेस तैयार करने के लिए सबसे पहले को एक बर्तन में मैदा, यीस्ट, चीनी, नमक और थोड़ा तेल मिलाएं। अब दूध की मदद से नरम आटा गूंथ लें। अब इसे कम से कम दो घंटे के लिए ढककर रख दें, क्योंकि यीस्ट को फूलने में समय लगता है। जब ये आटा पूरी तरह से फूल जाए तो इससे लोई बनाकर गोल बेल लें और बेस तैयार करें।

### अब लगाएं टॉपिंग

बेस बनाने के बाद पिज्जा बेस पर पिज्जा सॉस लगाएं। फिर इसके बाद टॉपिंग्स लगाएं और फिर सबसे आखिर में मोजरेला चीज डालें। चीज ज्यादा सा डाल दें, क्योंकि बच्चों को एक्स्ट्रा चीज वाला पिज्जा ही पसंद आता है।

ऐसे पकाएं

अब सबसे अहम काम आता है बिना ओवन के इसे पकाना तो उसके लिए एक मोटे तले वाली कड़ाही को प्रीहीट करके तेज गर्म करें। अब अपनी कड़ाही के अंदर एक जाली रखें और फिर उस जाली के ऊपर पिज्जा वाली प्लेट रख दें। ध्यान रखें कि पिज्जा वाली प्लेट सीधा कड़ाही से न टच करें। अगर ऐसा होगा तो पिज्जा का बेस जल सकता है।

पिज्जा कड़ाही में रखने के बाद कड़ाही को ढक्कन से अच्छे से कवर कर दें। अब धीमी आंच पर 10-15 मिनट तक पकाएं जब तक चीज मेल्ट न हो जाए और बेस कुरकुरा न हो जाए। पकने के बाद इसमें ऊपर से ऑरिनेनो और चिली फ्लैक्स डालें और बस बच्चों के लिए पिज्जा तैयार है।

# मोतियों के आभूषणों को चमका कर रखें ऐसे

मोतियों के आभूषण देखने में रॉयल लुक देते हैं। सुंदर इतने लगते हैं कि मन चाहता है इसे संभालकर अधिक से अधिक समय तक उसका प्रयोग किया जाए। पर्ल आर्गेनिक मैटीरियल से तैयार किए जाते हैं। वहीं मोतियों का प्रयोग सोने और चांदी के आभूषणों के साथ आजकल बहुत किया जा रहा है।

- ◆ पर्ल की चमक बरकरार रखने के लिए हमें इनका विशेष ध्यान रखना चाहिए ताकि इन पर डस्ट न जमे और स्क्रेच न पड़ें।
- ◆ पर्ल्स की डस्ट साफ करने के लिए नर्म कपड़े का प्रयोग करें। नर्म कपड़े से नर्म हाथों द्वारा उनकी डस्ट साफ करें। समय समय पर डस्ट पोंछते रहें ताकि पर्ल्स मैले और बदरंग न लगें।
- ◆ परफ्यूम और हेयर स्प्रे को लगाते समय ध्यान रखें कि पर्ल जूलरी उतार कर स्प्रे करें और फिर पुनः उसे पहन लें नहीं तो पर्ल्स अपनी असली रंगत खो बैठेंगे।
- ◆ नहाते हुए भी इस जूलरी को उतार दें क्योंकि साबुन और बॉडी वॉश के कैमिकल्स इन्हें नुकसान पहुंचा सकते हैं।
- ◆ पानी में भी क्लोरीन होने के कारण पर्ल जूलरी खराब हो सकती है।
- ◆ पर्ल्स को टूथ ब्रश से साफ न करें।
- ◆ मेकअप समाप्त होने के बाद ही पर्ल जूलरी पहनें। कभी कभी मेकअप करते हुए कुछ जूलरी पर गिर सकता है। इससे उसका रंग खराब हो जाएगा।
- ◆ मैटेलिक जूलरी के साथ कभी भी पर्ल जूलरी को न रखें क्योंकि रगड़ लग कर पर्ल खराब हो सकते हैं।
- ◆ पर्ल को मलमल के कपड़े में लपेट कर रखें।

पर्ल जूलरी को ऐसे स्थान पर रखें जहां टेंपरेचर नार्मल हो। (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### पुरी के जगन्नाथ मंदिर परिसर में बच्चों के लिए दुग्धपान केंद्र खोला जाएगा

**पुरी (ओडिशा) :** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने शनिवार को पुरी स्थित 12वीं सदी के मंदिर परिसर में एक ऐसा केंद्र खोलने का निर्णय लिया जहां माताएं अपने बच्चों को आंचल का दूध पिला सकती हैं। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढ़ी ने कहा कि इस तरह की सुविधा समय की मांग थी, क्योंकि स्तनपान कराने वाली कई माताएं अपने बच्चों के साथ प्रतिदिन मंदिर आती हैं। उन्होंने कहा, मां के दूध पर निर्भर बच्चों की आवश्यकता को देखते हुए मंदिर परिसर में एक स्तनपान केंद्र की योजना बनाई जा रही है। पाढी ने बताया कि मंदिर परिसर में प्रशासन के शाखा कार्यालय के निकट ऐसा केंद्र संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि यह केंद्र माताओं और बच्चों की निजता, स्वच्छता और सुरक्षा पर केंद्रित होगा। केंद्र के लिए एक विशेष महिला सहायक भी होगी। इस तरह की सुविधा की मांग लंबे समय से की जा रही थी।

### जम्मू कश्मीर: हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के आतंकवादियों का मददगार गिरफ्तार

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर पुलिस के राज्य अन्वेषण अभिकरण (एसआईए) ने आतंकवादी संगठन हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के लिए 'स्लीपर सेल' के रूप में काम करने वाले एक व्यक्ति को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। एसआईए के एक प्रवक्ता ने कहा, ''लगातार प्रयासों के बाद, एसआईए कश्मीर ने शोपियां में बेहराम के रेबन गुंड क्षेत्र निवासी अल्ताफ हुसैन वागे को गिरफ्तार करके एक बड़ी सफलता हासिल की है। वह आतंकवादी संगठन हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के लिए 'स्लीपर सेल' के रूप में काम करता था।'' उन्होंने बताया कि एक मामले की जारी जांच के तहत यह गिरफ्तारी की गई। जांच के दौरान, एसआईए कश्मीर ने ऐसे साक्ष्य जुटाए, जिनसे गिरफ्तार आरोपी का संबंध हिज्ब-उल-मुजाहिदीन से जुड़े एक आतंकी आका से स्थापित होता है, जो सीमा के उस पार से गतिविधियां कर रहा है।''

### आईआईटी मुंबई ने चंद्रयान-2 के आंकड़ों के जरिये चंद्रमा के रसायन विज्ञान का मानचित्रण किया

**मुंबई :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-मुंबई के छात्रों ने चंद्रयान-2 मिशन से एकत्र किए गए आंकड़ों का उपयोग करके चंद्रमा की सतह के रसायन विज्ञान का सफलतापूर्वक मानचित्रण किया है। शनिवार को यह जानकारी दी गई। आईआईटी मुंबई ने एक बयान में कहा कि यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के यू. आर. राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी) द्वारा 'इंटर-आईआईटी टेक मीट' के दौरान दी गई चुनौती का हिस्सा था। चंद्रमा की रक्षा के लिए कोई वायुमंडल नहीं है और यह लगातार सूर्य से आने वाली किरणों से प्रभावित होता रहता है। जब ये किरणें चंद्रमा की सतह से टकराती हैं, तो वहां मौजूद तत्व अपना अनूठा प्रकाश उत्सर्जित करते हैं। इससे वैज्ञानिकों को यह पता लगाने में मदद मिलती है कि चंद्रमा किस चीज से बना है।

### श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे हिरासत के बाद आईसीयू में स्थानांतरित

**कोलंबो :** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को शनिवार को कोलंबो नेशनल हॉस्पिटल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्हें एक दिन पहले ही उनके कार्यकाल के दौरान सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और एक अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। विक्रमसिंघे (76) को कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट की अदालत द्वारा 26 अगस्त तक हिरासत में भेजे जाने के बाद शुक्रवार आधी रात के करीब मुख्य मैगजीन रिमांड जेल ले जाया गया। जेल प्रवक्ता जगत वीरसिंघे ने शनिवार को बताया कि विक्रमसिंघे को जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया, क्योंकि उनका रक्त शर्करा और रक्तचाप का स्तर अधिक था। दोपहर तक उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और जेल के चिकित्सकों ने उन्हें कोलंबो नेशनल हॉस्पिटल में स्थानांतरित करने की सलाह दी।

# सफलता मेहनत और प्रतिबद्धता से तय होती है, परीक्षा के अंकों से नहीं : सीजेआई गवई



**पणजी :** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने शनिवार को कहा कि पेशेवर जीवन में सफलता का स्तर परीक्षा परिणामों से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत, समर्पण और काम के प्रति प्रतिबद्धता से निर्धारित होता है। उन्होंने याद किया कि वह एक प्रतिभाशाली छात्र थे, लेकिन कक्षाएं छोड़ देते थे। प्रधान न्यायाधीश ने पणजी के निकट मीरामार में वी एम सलगांवकर कॉलेज ऑफ लॉ के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि कानूनी शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन आया है। उन्होंने लॉ कॉलेज के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ''परीक्षा में अपने रैंक पर मत जाइए, क्योंकि ये परिणाम यह निर्धारित नहीं करते कि आप किस स्तर की सफलता प्राप्त करेंगे। आपका दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत, समर्पण और पेशे के प्रति प्रतिबद्धता ही मायने रखती है।'' प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा कि वह एक असाधारण छात्र थे, लेकिन अक्सर कक्षाएं छोड़ देते थे। उन्होंने कहा, लेकिन हमारी नकल करने की कोशिश नहीं करें।'' उन्होंने याद किया कि जब वह मुंबई के सरकारी लॉ कॉलेज में पढ़ते थे, तो वे कक्षाएं छोड़कर कॉलेज की चारदीवारी पर बैठते थे और कक्षा में उनकी हाजिरी उनके मित्र लगाते थे। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''(कानून की डिग्री के) आखिरी साल में मुझे अमरावती जाना पड़ा, क्योंकि मेरे पिता (महाराष्ट्र) विधान परिषद के सभापति थे। मुंबई में हमारा घर नहीं था। जब मैं अमरावती में था, तो मैं लगभग आधा दर्जन बार ही कॉलेज गया था। मेरे एक मित्र, जो बाद में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बने, मेरी हाजिरी लगा देते थे।'' सीजेआई गवई के पिता दिवंगत आर एस गवई रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (गवई) के संस्थापक थे। वह 1978 से 1982 तक महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति रहे। बाद में वे बिहार, सिक्किम और केरल के राज्यपाल बने। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि परिणामों में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाला छात्र आगे चलकर आपराधिक मामलों के वकील बने, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले छात्र उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बने। उन्होंने कहा, ''और तीसरा मैं था, जो अब भारत का प्रधान न्यायाधीश हूं।'' उन्होंने कहा कि वह कॉलेज गए बिना ही मेरिट सूची में तीसरे स्थान पर रहे, लेकिन किताबें पढ़ते रहे और पांच साल के परीक्षा के प्रश्नपत्र हल करते रहे।

### बीएसएफ जवान अपने डेढ़ साल के बेटे को गोद में लेकर गंगा नदी में कूदा

**बिजनौर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश में बिजनौर जिले के गंगा बैराज में शनिवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान अपने डेढ़ साल के बेटे को गोद में लेकर नदी में कूद गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। बिजनौर के शहर कोतवाली के थाना प्रभारी धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि नजीबाबाद थाना क्षेत्र के वेद विहार कॉलोनी निवासी बीएसएफ जवान राहुल (31) शनिवार दोपहर अपने डेढ़ साल के बेटे को गोद में लेकर बिजनौर के गंगा बैराज के गेट नंबर 17 से कूद गया था। पुलिस ने बताया कि इससे पहले 19 अगस्त को उसकी पत्नी मनीषा ठाकुर (29) भी यहीं पानी में कूद गई थी। उसकी तलाश अभी भी की जा रही है। बताया जा रहा है कि राहुल नजीबाबाद से टैक्सी से बैराज पहुंचा था।

## पारंपरिक कृषि पद्धतियों और प्रौद्योगिकी का तालमेल भारतीय कृषि को आत्मनिर्भर बना सकता है: भागवत




**छत्रपति संभाजीनगर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि भारत आधुनिक प्रौद्योगिकी को पारंपरिक कृषि पद्धतियों और पशुपालन के साथ मिलाकर तथा देशी मवेशी पालन करके कृषि में आत्मनिर्भर बन सकता है। भागवत ने यहां ज्येष्ठ पशुवैद्य प्रतिष्ठान के 28वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया, जहां किसानों, पशु चिकित्सा स्नातकों और विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताएं भारत के लिए कृषि में आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। उन्होंने कहा, ''कृषि और पशुपालन की भारतीय पद्धतियों के साथ आधुनिक पद्धतियों को मिश्रित करने से किसानों को लाभ होगा और देश आत्मनिर्भरता प्राप्त करेगा।'' भागवत ने कहा कि पशु चिकित्सकों को उन जीवों के दर्द को समझने की कला आती है, जो न तो बोल सकते हैं और न ही इलाज के दौरान विरोध कर सकते हैं, फिर भी वे उन्हें ठीक कर देते हैं। उन्होंने कहा, ''प्राचीन पशु चिकित्सा विशेषज्ञ शालिहोत्र ने घोड़े की आयु और गुण निर्धारित करने का विज्ञान बताया था। यह परंपरा हमारे लिए गर्व की बात है।'' आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा कि यदि जहां आवश्यक हो, पश्चिमी तकनीक और आधुनिकता को अपनाया जाए और भारतीय कृषि एवं पशुपालन पद्धतियों के साथ समन्वय किया जाए, तो किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी मवेशियों और पारंपरिक कृषि प्रणालियों में लोगों का विश्वास बढ़ रहा है।

## गोवा सरकार 10 सितंबर तक टैक्सियों के लिए नीति का मसौदा तैयार करेगी: सावंत



**पणजी :** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा है कि राज्य सरकार टैक्सी क्षेत्र में पारदर्शिता, सुरक्षा और दरों को युक्तिसंगत बनाने के मुद्दों के हल के लिए 10 सितंबर तक एक व्यापक टैक्सी नीति का मसौदा तैयार करेगी। मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों ने शुक्रवार शाम पोरवोरिम स्थित मंत्रालय में टैक्सी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। सावंत ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, '' मैंने टैक्सी संचालकों के सभी मुद्दों को सुना। सरकार राज्य टैक्सी नीति लेकर आएगी। मुद्दा पारदर्शिता, सुरक्षा और दरों को युक्तिसंगत बनाने का है।'' उन्होंने कहा कि इन मुद्दों के समाधान के लिए 10 सितंबर तक नीति का मसौदा तैयार किया जाएगा और राज्य नीति अधिसूचित होने के बाद, कैब सेवाओं के लिए मौजूदा मसौदा दिशानिर्देश समाप्त हो जाएंगे। बैठक में राज्य के पर्यटन मंत्री रोहन खुंटे, परिवहन मंत्री मौविन गोडिन्हो और विपक्ष के नेता यूरी अलेमाओ भी उपस्थित थे। खुंटे ने पर्यटकों और टैक्सी ऑपरेटरों दोनों को ध्यान में रखते हुए सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। कलंगुट से विधायक माइकल लोबो ने कहा कि गोवा को एक राज्य टैक्सी नीति की आवश्यकता है क्योंकि वर्तमान में यह केंद्रीय कानूनों द्वारा नियंत्रित है।



जबलपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया मध्यप्रदेश के सबसे लंबे 7 किमी फ्लाईओवर का उद्घाटन, 1,200 करोड़ की लागत से बना यह फ्लाईओवर अब मदन महल से दमोह नाका की दूरी घटाएगा 40 मिनट से सिर्फ 6-7 मिनट में

## भारत के अंतरिक्ष मिशन का दस्तावेजीकरण करते हैं एनसीईआरटी मॉड्यूल




**नयी दिल्ली :** भारत में 1960 के दशक में साइकिल और बैलगाड़ी पर रॉकेट ले जाने से लेकर चंद्रयान और गगनयान जैसे ऐतिहासिक अंतरिक्ष अभियानों तक, देश का वैश्विक अंतरिक्ष शक्तियों के बीच उदय अब एनसीईआरटी के विशेष मॉड्यूल का हिस्सा है। दो मॉड्यूल में 'भारत: एक उभरती हुई अंतरिक्ष शक्ति' शीर्षक से इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि किस प्रकार 1962 में विक्रम साराभाई के नेतृत्व में स्थापित भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (आईएनसीओएसपीएआर) ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का रूप लिया, जिसने ऐसी उपलब्धियां हासिल कीं, जिनके कारण भारत को अंतरिक्ष में अग्रणी देशों में स्थान मिला। मॉड्यूल में लिखा है, ''भारत का पहला रॉकेट इतना छोटा और हल्का था कि उसके पुर्जों को साइकिल और बैलगाड़ियों पर ले जाया गया। वैज्ञानिकों ने इस काम के लिए साइकिल और बैलगाड़ियों को चुना। कार और ट्रक जैसे मोटर चालित वाहन विद्युत और चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करते हैं जो नाजुक रॉकेट उपकरणों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए, साधारण परिवहन के इस्तेमाल से सब कुछ सुरक्षित रहा।''

## भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों ने प्राचीन ज्ञान, भारत की अंतरिक्ष उड़ान के भविष्य पर चर्चा की




**नयी दिल्ली :** देश के गगनयान मिशन के लिए चुने गए चार भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों ने शनिवार को मानव अंतरिक्ष उड़ान के गहरे मायने को रेखांकित करते हुए इसे प्राचीन ज्ञान, विनम्रता, वैज्ञानिक खोज और पृथ्वी से परे अन्वेषण के नयी पीढ़ी के सपनों से जोड़ा। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर एक सत्र के दौरान बोलते हुए ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर ने कहा कि भारत के सभ्यतागत ज्ञान ने आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान का बहुत पहले अनुमान लगा लिया था। उन्होंने कहा, हम एक प्राचीन सभ्यता हैं। मुझे हमेशा लगता रहा है कि हम इतने आगे थे कि हम ऊब गए और दुनिया को हमसे आगे निकल जाने दिया। अब हम फिर से पीछे लौट रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे खगोल विज्ञान और ज्योतिष एक समय भारत के ज्योतिष शास्त्र में एकीकृत थे। महाकाव्यों के साथ तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि रामायण में भी पूरा मिशन नियंत्रण समाहित है, जब हनुमान ने अपने दल के सहयोग से एक अंतरिक्ष यात्री की तरह छलांग लगाई थी। अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण के बारे में, नायर ने कहा, हम एथलीट की तरह प्रशिक्षण लेते हैं, वैज्ञानिकों और इंजीनियर की तरह अध्ययन करते हैं, और हमें राजनयिकों की तरह व्यवहार करना सिखाया जाता है।

## बाइक टैक्सी सेवाएं फिर से शुरू, कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा- कोई अनुमति नहीं दी

**बेंगलुरु :** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि उसने 'राइड-हेलिंग' कंपनियों को बाइक टैक्सी सेवाएं फिर से शुरू करने की अनुमति देने संबंधी कोई आदेश नहीं दिया है। अदालत का यह स्पष्टीकरण तब आया जब एक दिन पहले ही शहर की सड़कों पर बाइक टैक्सी सेवाएं फिर से शुरू होती देखी गईं। मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार कानून के अनुसार बाइक टैक्सी समूहों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन प्रवर्तन प्राधिकारियों को व्यक्तिगत वाहन मालिकों को निशाना बनाने से बचना चाहिए। बीस अगस्त को सुनवाई के दौरान पीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 22 सितंबर निर्धारित की थी और सरकार को यह निर्णय लेने का समय दे दिया था कि क्या वह बाइक टैक्सी पर कोई नीति बनाना चाहती है। महाधिवक्ता शशिकिरण शेट्टी ने शुक्रवार को अदालत को बताया कि कई संचालकों ने सेवाएं पुनः शुरू कर दी हैं, जबकि उन्हें ऐसा करने की अनुमति देने वाला कोई न्यायिक आदेश नहीं था। बाइक टैक्सी सवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने इसका विरोध करते हुए कहा कि प्रवर्तन अधिकारी व्यक्तिगत मालिकों की मोटरसाइकिल जब्त कर रहे हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि उसकी प्रारंभिक चिंता सवारियों और मालिकों को अनावश्यक परेशानी से बचाने तक सीमित थी और उसने सरकार से उनके खिलाफ ''जल्दबाजी में कार्रवाई'' नहीं करने के लिए कहा।

## पाकिस्तान के विदेश मंत्री संबंधों को सुधारने के उद्देश्य से बांग्लादेश पहुंचे

**ढाका :** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार दो दिवसीय यात्रा पर शनिवार को ढाका पहुंचे, जिसका उद्देश्य बांग्लादेश के साथ संबंधों को फिर से मजबूत करना है। वह ऐसे समय में पड़ोसी देश की यात्रा पर आये हैं जब पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हुए आंदोलन के बाद शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से हटा दिया गया था। वह एक विशेष उड़ान के जरिए डार ढाका पहुंचे और वह वर्ष 2012 के बाद बांग्लादेश का दौरा करने वाले सबसे वरिष्ठ पाकिस्तानी नेता हैं। पाकिस्तान ने इसे द्विपक्षीय संबंधों में एक ''महत्वपूर्ण उपलब्धि'' करार दिया। बांग्लादेश के विदेश सचिव असद आलम सियाम ने ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डार का स्वागत किया। हिना रब्बानी खार नवंबर 2012 में ढाका जाने वाली पाकिस्तान की आखिरी विदेश मंत्री थीं। उन्होंने उस समय की प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्लामाबाद में होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया था। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन के साथ रविवार को द्विपक्षीय वार्ता कर सकते हैं, जहां कई समझौतों और सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है।

## मिजोरम: प्रधानमंत्री मोदी 13 सितंबर को बैराबी-सैरंग रेलवे लाइन का उद्घाटन करेंगे

**आइजोल :** मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 सितंबर को बैराबी-सैरंग रेलवे लाइन का उद्घाटन करेंगे। इस रेलवे लाइन के उद्धघाटन के साथ ही आइजोल रेलवे मानचित्र पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल हो जाएगा। सैरंग राजधानी के निकट स्थित है। लालदुहोमा ने शुक्रवार को आइजोल में मिजोरम पुलिस सेवा संघ (एमपीएसए) के एक सम्मेलन में यह घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी 12 सितंबर को आइजोल पहुंचेंगे और यहां रात्रि विश्राम करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले दिन यानी 13 सिंतबर को मोदी नई रेलवे लाइन का उद्घाटन करेंगे। लालदुहोमा ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री के दौरे के संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सैरंग रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधा केंद्र में स्थापित किया जाएगा और राजधानी ट्रेन सेवाएं चलाई जाएंगी। अधिकारियों के मुताबिक, 51.38 किलोमीटर लंबी यह रेलवे लाइन परियोजना केंद्र की 'एक्ट ईस्ट' नीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर में संपर्क और आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना है। नई रेलवे लाइन आइजोल को असम के सिलचर शहर और देश के बाकी हिस्सों से जोड़ेगी, जिससे मिजोरम पूरी तरह से देश के रेलवे मानचित्र में शामिल हो जाएगा।



हरिद्वार: अमावस्या के अवसर पर हरकी पौडी पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु, जबकि गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है

## ट्रंप ने अपने करीबी सहयोगी सर्जियो गोर को भारत में अमेरिकी राजदूत नामित किया



**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने करीबी सहयोगी सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नामित किया है। सर्जियो गोर वर्तमान में 'व्हाइट हाउस प्रेसिडेंशियल पर्सनल ऑफिस' के निदेशक हैं। यह कदम व्यापार संबंधी मुद्दों को लेकर दोनों देशों के बीच संबंधों में आई दरार के बीच उठाया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने 38 वर्षीय गोर को महत्वपूर्ण राजदूत पद के लिए नामित करने की घोषणा करते हुए कहा कि वह (गोर) दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत के रूप में भी काम करेंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''विश्व के सबसे अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्र के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि मेरे पास कोई ऐसा व्यक्ति हो जिस पर मैं पूरी तरह भरोसा कर सकूं कि वह मेरे एजेंडे को पूरा करेगा और 'अमेरिका को फिर से महान बनाने' में हमारी मदद करेगा।

## हिमाचल प्रदेश में 339 सड़कें बंद, भारी बारिश की संभावना

**कुल्लू: भारी बारिश से सड़क क्षतिग्रस्त होने पर जकदिल गांव में ग्रामीण टेलीग्राफ तारों से फंसा वाहन खींचते हुए**



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में जारी बारिश के कारण एक राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अनेक सड़कें बंद हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बंद हुईं 339 सड़कों में से 162 सड़कें मंडी जिले में और 106 सड़कें निकटवर्ती कुल्लू में हैं। राज्य आपातकालीन अभियान केंद्र (एसईओसी) ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 305 (औट से सैंज तक) भी बंद है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में रविवार से मंगलवार तक भारी बारिश का 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। नादौन में शुक्रवार शाम से 58.6 मिमी बारिश हुई है। इसके बाद जोगिंदरनगर में 45 मिमी और जट्टन बैराज में 44.2 मिमी बारिश हुई है। नगरोटा सूरियां में 39.2 मिमी, कांगड़ा में 35.7 मिमी, नैना देवी में 34.8 मिमी, पांवटा साहिब में 33 मिमी, धौलाकुआं में 32 मिमी, घाघस में 26 मिमी, भटियात में 22.2 मिमी और नेरी में 20.5 मिमी वर्षा हुई। मौसम विभाग ने बताया कि कांगड़ा, जोर, मुरारी देवी और पालमपुर में गरज के साथ बारिश हुई जबकि 37-54 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं, जिससे कुकुमसेरी, सेओबाग और बजौरा के लोग प्रभावित हुए। एसईओसी ने बताया कि 20 जून को मानसून की शुरुआत होने के बाद से हिमाचल प्रदेश में कम से कम 151 लोगों की मौत हुई है और 37 लोग लापता हैं।

## गाजा में इजराइल के हमले में 25 लोगों की मौत, भुखमरी का संकट बढ़ा

**खान यूनिस :** गाजा में शनिवार को इजराइल के हमलों और गोलीबारी में कम से कम 25 लोग मारे गए। स्थानीय अस्पतालों ने यह जानकारी दी। नासिर अस्पताल के मुर्दाघर के रिकॉर्ड और स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, तड़के दक्षिणी गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में कम से कम 14 लोग मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि हमलों में खान यूनिस में विस्थापित लोगों के लिए बने तंबुओं को निशाना बनाया गया। गाजा के अन्य स्थानों से भागकर आए लाखों लोगों ने यहां शरण ले रखी है। मृतकों में आधे से ज़्यादा महिलाएं और बच्चे थे। शेख रादवान फील्ड अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी गाजा में ज़िकिम क्रॉसिंग के पास इजराइली गोलीबारी में कम से कम पांच लोग मारे गए। ये लोग वहां राहत सामग्री के लिए इकट्ठा हुए। इस क्रॉसिंग के जरिये संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियों के काफिले एन्क्लेव में प्रवेश करते हैं। अस्पतालों और फलस्तीनी रेड क्रिसेंट के अनुसार, शनिवार को गाजा में अन्य जगहों पर हुए हमलों में छह लोग मारे गए। राहत समूह महीनों से आगाह कर रहे हैं कि युद्ध जारी रहने और गाजा में खाद्य पदार्थों की खेप भेजे जाने पर इजराइल के प्रतिबंध के कारण भुखमरी का संकट पैदा हो रहा है। 'इंटीग्रेटेड फूड सिक्योरिटी फेज क्लासिफिकेशन' (आईपीसी) की एक रिपोर्ट में कहा गया कि गाजा शहर अकाल की चपेट में है और अगर लड़ाई चलती रही तथा मानवीय सहायता पर प्रतिबंध जारी रहे तो यह और फैल सकता है। आईपीसी ने कहा कि गाजा में लगभग पांच लाख लोग, यानी कुल आबादी का लगभग एक-चौथाई हिस्सा भयावह भुखमरी का सामना कर रहे हैं जिससे कई लोगों की जान जाने का खतरा है। रिपोर्ट में कहा गया कि व्यापक विस्थापन और खाद्य सामग्री की कमी के कारण भुखमरी और भी बढ़ गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने आईपीसी की रिपोर्ट को सरासर झूठ करार देते हुए इसकी आलोचना की और हमास पर बंधकों को भूखा रखने का आरोप लगाया।

### रोहित शर्मा लैम्बॉर्गिनी चलाते हुए मुंबई के ट्रैफिक में फंसे



**मुंबई :** सोशल मीडिया पर शनिवार को एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा लैम्बॉर्गिनी चलाते हुए मुंबई के ट्रैफिक में फंसे हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि रोहित ने एक अन्य वाहन चालक का हाथ उठा कर अभिवादन किया जिसने उनका वीडियो बनाना शुरू कर दिया था। एक 'एक्स' यूजर ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ''रोहित शर्मा अपनी नई लैम्बॉर्गिनी में मुंबई के ट्रैफिक में फंस गए, लेकिन ट्रेनिंग खत्म करने के बाद घर जाते समय वह अपने प्रशंसकों का अभिवादन करना नहीं भूले।''

# डायमंड हार्बर को रौंदकर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने लगातार दूसरी बार डूरंड कप ट्रॉफी जीती

**कोलकाता :** गत विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 134वें डूरंड कप के फाइनल में पदार्पण करने वाले डायमंड हार्बर एफसी को 6-1 से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। विवेकानन्द युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले गए एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के लिए अशीर अख्तर ने 30वें मिनट, पार्थिब गोगोई ने 45+1वें मिनट में, थोई सिंह ने 50वें मिनट में, जैरो समपेरियो ने 81वें मिनट में, एंडी ने 86वें मिनट में और अलादिन अजाराई ने 90+3वें मिनट में गोल किए। वहीं डायमंड हार्बर एफसी के




लिए एकमात्र गोल माजसेन ने 68वें मिनट में किया। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी 1991 के बाद 34 साल में पहली बार अपने खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बन गई। पिछली बार ईस्ट बंगाल ने 1989, 1990 और 1991 में जीत की हैट्रिक लगाई थी। फाइनल की शुरूआत काफी तेज रही जिसमें दोनों टीमें गेंद पर कब्जा रखने की कोशिश में जुटी थीं। लेकिन सफलता गत चैंपियन टीम को मिली जब अशीर अख्तर ने 30वें मिनट में गोल कर 1-0 की बढ़त दिला दी। चेमा नुनेज ने 39वें मिनट में बढ़त दोगुनी करने का एक सुनहरा मौका गंवा दिया। पहले हाफ से ठीक पहले नॉर्थईस्ट यूनाईटेड एफसी की बढ़त दोगुनी हो गई जब पार्थिब गोगोई ने दाएं पैर से गोल कर दिया। डायमंड हार्बर की वापसी की कोई भी उम्मीद दूसरे हाफ के पांच मिनट के भीतर ही खत्म हो गई। थोई सिंह ने नुनेज के ऊंचे पास पर अज-राई के शॉट पर 50वें मिनट में गोल करके बढ़त को 3-0 कर दिया।

## अर्जुन-इलावेनिल को 10 मी एयर राइफल मिश्रित टीम में स्वर्ण, शांभवी और प्रणव ने जूनियर स्वर्ण जीता

**शिमकेंट (कजाखस्तान) :** भारत के अर्जुन बाबूता और इलावेनिल वालारिवन ने यहां चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता तथा जूनियर वर्ग का स्वर्ण पदक भी देश की झोली में आया। भारत की इस सीनियर जोड़ी ने चीन के डिंगके लू और शिनलु पेंग को 17-11 से हराया। भारत की शांभवी श्रवण और नारायण प्रणव की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने चीन को 16-12 से हराया। इन दो स्वर्ण पदकों के बाद भारत की पदक संख्या 22 हो गई है। सीनियर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में इलावेनिल (316.3) और बाबुता (317.7) ने 27 टीम के बीच क्वालीफिकेशन में 634.0 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान हासिल



किया जबकि भारत की दूसरी जोड़ी मेहुली घोष (317.7) और रुद्रांक्ष पाटिल (314.9) ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 632.6 अंक हासिल किए जिससे वे दूसरे स्थान पर रहे। हालांकि टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार मेहुली और रुद्रांक्ष पदक जीतने का मौका हासिल करने से चूक गए क्योंकि इलावेनिल और अर्जुन का स्वर्ण पदक मुकाबला पेंग शिनलू और लू डिंगके की युवा चीनी जोड़ी से तय हो गया था और एक देश से एक ही टीम भाग ले सकती है। चीन की जोड़ी 632.3 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। फाइनल में चीनी जोड़ी शुरूआती दौर में आगे थी लेकिन भारतीय जोड़ी ने 9-5 और 10-1 के स्कोर से उबरते हुए शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता। इलावेनिल इससे पहले महिला वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल स्वर्ण जीत चुकी हैं।

## विश्व कप में भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ महिला टीम: रीमा मल्होत्रा

**नयी दिल्ली :** पूर्व हरफनमौला रीमा मल्होत्रा ने भारतीय महिला टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों के मिश्रण को शानदार करार देते हुए कहा कि यह विश्व कप में अब तक की सबसे मजबूत और घरेलू परिस्थितियों में चैंपियन बनने की दावेदार टीम है। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का आयोजन 30 सितंबर से दो नवंबर तक होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज शुरुआती दिन गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ करेगी। भारत की 15 सदस्यीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के शानदार मिश्रण का जिक्र करते हुए रीमा ने 'भाषा' को दिये साक्षात्कार में कहा, '' यह किसी भी महिला विश्व कप को देखे तो भारत की सबसे मजबूत टीम है। इसमें हरमनप्रीत (कौर), स्मृति मंधाना, जैमी (जेमिमा



रोड्रिग्स), दीप्ति (शर्मा) जैसी अनुभवी खिलाड़ी है तो वहीं अमनजोत कौर, क्रांति गौड़, श्री चरणी और ऋचा घोष जैसे दमखम वाले युवा भी है।'' उन्होंने कहा, '' टीम में जोश और होश का अच्छा मिश्रण है। मुझे नहीं लगता कि आपको विश्व कप के लिए इससे अच्छी टीम मिलेगी।'' आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा टीम में जगह बनाने में नाकाम रही लेकिन रीमा ने उनकी जगह प्रतिका रावल के चयन को सही करार देते हुए कहा कि दिल्ली की इस बल्लेबाज के प्रदर्शन में निरंतरता रही है। प्रतिका ने भारत के लिए 14 एकदिवसीय में 54.07 के औसत से 754 रन (एक शतक और पांच अर्धशतक) रन बनाये हैं। शेफाली के नाम 29 एकदिवसीय में लगभग 23 के औसत से 644 रन (चार अर्धशतक) है। इस दौरान शेफाली का स्ट्राइक रेट 83.20 का रहा है तो वहीं प्रतिका ने इस मामले में भी बेहतर करते हुए 87.43 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। भारत के लिए 41 एकदिवसीय और 22 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली रीमा ने कहा, '' शेफाली बड़ा नाम है। वह ऐसा एक्स फैक्टर (अपने दम पर मैच पासा पलटने वाला खिलाड़ी) है जिसे आप अपनी टीम में चाहते हैं। जब एक्स फैक्टर का सामना प्रदर्शन में निरंतरता से होता है तो मुझे लगता है कि कप्तान और चयनकर्ताओं ने नियमित अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को तरजीह दी है और यह सही भी है।''

## डिविलियर्स ने अय्यर को एशिया कप में नहीं चुने जाने को 'अजीब' करार दिया

**नयी दिल्ली :** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स को यह 'अजीब' लगा कि श्रेयस अय्यर जैसी क्षमता वाले बल्लेबाज को भारत की एशिया कप टीम में जगह नहीं दी गई है। अय्यर ने घरेलू सत्र में



शानदार प्रदर्शन किया और अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स के लिए 170 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 600 से अधिक रन बनाकर फाइनल में पहुंचाया था। वह इस सप्ताह की शुरुआत में घोषित 15 सदस्यीय टीम में जगह पाने में असफल रहे। डिविलियर्स ने 'एक्स' पर प्रशंसकों से बातचीत में कहा, '' यह मुश्किल है। मैं अभी टीम की समीक्षा कर रहा था। मैं सोच रहा था कि श्रेयस को कहां जगह दी जाए, क्योंकि मैंने सारी सुर्खियां देखी हैं और कुछ प्रशंसक नाराज भी हुए हैं। मुझे लगता है कि श्रेयस सबसे ज्यादा निराश होंगे। उन्होंने पिछले कुछ सालों में काफी अच्छा क्रिकेट खेला है।'' उन्होंने कहा, '' वह काफी परिपक्व हो गया है। उसने नेतृत्व के गुण भी दिखाये है, लेकिन बंद दरवाजों के पीछे क्या चल रहा है, कौन जानता है? कोई नहीं। मैं नहीं। आप लोग नहीं।'' डिविलियर्स ने कहा, ''शायद श्रेयस को भी नहीं पता। लेकिन हो सकता है कि पिछले कुछ वर्षों में कुछ ऐसी बातें हुई होजिसने यह तय किया हो कि वह किसी खास टूर्नामेंट के लिए ज्यादा पसंद नहीं किये जा रहे हैं। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी है। उसे मेरी टीम जगह मिलेगी।'' अय्यर ने भारत के लिए 51 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 30.66 की औसत और 136.12 के स्ट्राइक रेट से 1104 रन बनाए हैं। इस प्रारूप उन्होंने भारत के लिए अपना पिछला मैच दिसंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

### शेफाली और बिष्ट के अर्धशतक, भारत ए महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर शिकंजा कसा

**ब्रिसबेन :** मध्यक्रम बल्लेबाज राघवी बिष्ट (86 रन) और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (52 रन) के अर्धशतकों की बदौलत भारत ए महिला टीम ने शनिवार को चार दिवसीय एकमात्र अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ए पर अच्छी पकड़ बना ली। शेफाली और राघवी की पारियों की बदौलत भारत ए ने दिन का खेल समाप्त होने तक आठ विकेट पर 260 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 254 रन तक पहुंचा ली। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने सुबह पांच विकेट पर 158 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। पूरी टीम अपनी पहली पारी में 305 रन पर सिमट गई जिससे उसने छह रन की मामूली बढ़त हासिल की। सियाना जिंजर ने 24 रन को शतक में तब्दील कर ऑस्ट्रेलिया को उबारने में मदद की। उन्होंने निचले क्रम की बल्लेबाजों के साथ भागीदारी बनाते हुए 138 गेंद में 103 रन की शतकीय पारी खेली।

## मीराबाई का ध्यान विश्व चैंपियनशिप के लिए तैयारियां पुख्ता करने पर

**अहमदाबाद :** अनुभवी भारतीय खिलाड़ी मीराबाई चानू चोटों से उबरने के बाद वापसी की राह पर हैं और उनका पहला पड़ाव रविवार से यहां शुरू होने वाली राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप है। मीराबाई इस आयोजन से अक्टूबर में नॉर्वे में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की कोशिश करेंगी। चानू ने टूर्नामेंट शुरू होने की पूर्व संध्या पर कहा कि उनका अंतिम लक्ष्य अक्टूबर में नॉर्वे में होने वाली विश्व चैंपियनशिप और अगले साल जापान में होने वाले एशियाई खेलों में पदक हासिल करना है। उन्होंने कहा, ''मैं अहमदाबाद में अपना पूरा जोर नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रही हूं। मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य एशियाई खेल है, जहां मेरा लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड तोड़कर पदक जीतना है। मैंने अभी तक एशियाई खेलों का पदक नहीं जीता है।'' तोक्यो ओलंपिक (2020) में रजत पदक जीतने वाली 31 साल की



मीराबाई को पिछले कुछ वर्षों में चोटों के कारण कुछ झटके लगे हैं। वह पिछले साल पेरिस खेलों में भी वह संभावित कांस्य पदक से चूक गई थीं। मीराबाई 48 किग्रा भार वर्ग में चुनौती पेश करती है और उन्हें राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप के स्नैच वर्ग में 90 किग्रा भार उठाने का भरोसा है। उन्होंने चोट से उबरने का श्रेय अमेरिका में प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट आरोन होर्शिग को दिया। वह होर्शिग की देखरेख में अभ्यास कर रही है। उन्होंने कहा, '' होर्शिग के साथ अभ्यास के दौरान मुझे चोटों से उबरने में मदद मिली। यह मेरे खेल में एक बड़ा बदलाव लेकर आया है।''




वर्ष 10, पूर्णांक 3336 अंक 146, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in